जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, रविवार 18 अक्टूबर, 2026

RERA No.: RAJ/P/2023/2387

SALE में कोठी !

10 लाख का फ्लैट डिस्काउंट

RERA No.: RAJ/P/2023/2387
KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर
FLAT STARTS ~~74 Lacs~~ @64 Lacs | KOTHI STARTS ~~1.18 Cr~~ @1.08 Cr
AJMER ROAD, JAIPUR

RERA No.: RAJ/P/2021/1523
Kedia's THE KOTHI
भव्य•उत्कृष्ट•श्रेष्ठ
KOTHI STARTS ~~50 Lacs~~ @40 Lacs
SIRSI ROAD, JAIPUR

RERA No. RAJ/P/2022/1900
A Project By Kedia THE KUNBA
SHOP ~~30 Lacs~~ @20 Lacs | KOTHI STARTS ~~70 Lacs~~ @60 Lacs
PRATAP NAGAR, JAIPUR

RERA No.: RAJ/P/2017/178
KEDIA'S Corporate Club RESIDENTIAL APARTMENTS
2BHK ~~37 Lacs~~ @27 Lacs | 3BHK ~~45 Lacs~~ @35 Lacs
VAISHALI EXTENSION, JAIPUR

KEDIA® | 1800-120-2323 | info@kedia.com | www.kedia.com | 78770-72737 | SCAN QR FOR • LOCATION • ROUTE MAP • SITE 360 TOUR • E-BROCHURE • WALKTHROUGH | *T&C Apply

KEDIA™ Pavitra

ये दिवाली...

बिना मिलावट वाली !

आन्दोलन अशुद्ध के विरुद्ध

24 कैरेट DRY FRUITS

(दिवाली गिफ्ट पैक)

सिर्फ Rs. 1100 में !
(मिनिमम ऑर्डर: 51 गिफ्ट पैक)

FIXED PRICE

*ऑर्डर बुक कराने की अंतिम तिथि: 31st October 2026

दुकान हो या सुपरमार्केट कॉल लगाओ, पवित्र मँगाओ 1800-120-2727

आटा | दलिया | सूजी | बेसन | सत्तू | दाल | चावल | खड़े, पीसे एवं ब्लेंडेड मसाले | हींग | कुकिंग ऑयल | ड्राई फ्रूट्स | फ्लेवर्ड मखाना | गुड़ | मिश्री | सेंधा नमक | पोहा और चाय सहित कम्प्लीट किचन बास्केट

AVAILABLE ON: blinkit zepto

विचार बिन्दु

हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर

सार्वजनिक आरोप लगाने वाले का अपरिहार्य उत्तरदायित्व

अगले एक वर्ष तक हम गोस्वामी तुलसी और सनातन के आलोक में समकालीन जीवन तथा मानवीय मूल्यों पर एक गंभीर विश्लेषण प्रस्तुत करेंगे। इस विमर्श का महत्त्व अपने निजी आचरण और सार्वजनिक जीवन को सत्य, करुणा तथा न्याय आदि की कसौटी पर परखते हुए सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत को प्रतिष्ठित करने में है। श्रृंखला का स्वरूप तीर्थयात्राओं के दौरान पुष्पा और मेरे बीच होने वाले शास्त्रार्थ का रहेगा जिसमें तुलसी के वचनों और जीवन के अनुभवों के सहारे विचार की परतें खुलेंगी।

अयोध्या में कनकभवन और नागेश्वरनाथ के दर्शन करके हम राम की पैड़ी पर टहल रहे थे। पुष्पा ने पूछा, "ऊ नीम वाली बात याद है? सबने मोहन को आरा चलावत देखो, पेड़ से डाल काटत कौने देखो हतो?"

उस दिन पड़ोसी फोन लेकर आए थे। वीडियो में मोहन गिरी हुई हरी डाल के टुकड़े कर रहा था। नीचे लिखा था कि माली ने पेड़ की डाल काट डाली। मोहन ने बताया, डाल पहले से गिरी थी; चौकीदार ने रास्ता साफ करने को कहा था। पुष्पा ने ऊपर देखा। टूटने की जगह लंबी खपच्चियाँ और लटकती छाल थीं; नीचे आरे से कटे सिरों पर चिकनाहट थी। गीली मिट्टी में डाल गिरने की चौड़ी छाप पर नया बुरादा पड़ रहा था। चौकीदार ने भी पुष्टि की।

'काट रहा है' से 'काट दिया' तक पहुँचते हुए रास्ता साफ करता आदमी पेड़ का अपराधी हो गया था। वीडियो सही था; उसके नीचे लिखे वाक्य ने उसमें एक अप्रमाणित पिछली घटना जोड़ दी थी।

डाल के चिह्न और चौकीदार की बात साथ रखकर ही घटना का क्रम खुला था। डाल किस घड़ी, किस कारण टूटी, इतना तब भी निश्चित नहीं था। जितना समझ में आया, उसे कहने के लिए शेष अज्ञान छिपाना आवश्यक नहीं था।

मैंने कहा, '"मन्थरा की बातों में भी सही समाचार और गढ़ा हुआ संबंध मिलते हैं। राम का अभिषेक होने वाला है, भरत बाहर हैं; इससे वह कैकेयी के विरुद्ध षड्यंत्र समझाती है:"–

कहहिं झूठिफुरि बात बनाई। ते प्रिय तुम्हहिकरुइ मैं माई॥
(रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 16 से पूर्व, चौपाई 2 का पूर्वार्ध; मन्थरा-कैकेयी संवाद।)
सजि प्रतीतिबहुबिधिगढ़ि छोली। अवध साढ़साती तब बोली॥
(रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 17 से पूर्व, चौपाई 2 का उत्तरार्ध; मन्थरा का वर्णन।)

'सजि प्रतीति' में विश्वास पैदा करने का उद्योग है। कथन अपनी कटुता को निष्ठा का प्रमाण बनाता है। सुनने वाले को संशय करना भी अपने हितैषी का अपमान लग सकता है।

तुलसी 'अवध' कहते हैं। बात दो व्यक्तियों में हो रही है, किंतु उसका फल पूरे नगर को भोगना है। निजी विश्वास जब निर्णय बनता है, उसकी पहुँच बोलने-सुनने वालों से बहुत आगे जाती है। मोहल्ले का संदेश भी मोहन के उन नियोक्ताओं तक पहुँच सकता था जिन्होंने घटना देखी नहीं थी।

"पर पड़ोसी तौ खुदई भरम गए हते। उनखों मन्थरा काहे बना रए हो?"

"सही टोका। जानबूझकर भ्रम रचना और स्वयं भ्रमित होना अलग हैं। भली नीयत से भी गलत आरोप लग सकता है।"

पुष्पा को कैकेयी का आरम्भिक उत्तर याद था:–

प्रान तें अधिक रामु प्रिय मोरें। तिन्हकें तिलक छोभु कस तोरें॥
(रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 15 से पूर्व, चौपाई 4 का उत्तरार्ध; कैकेयी-मन्थरा संवाद।)

"भरत को अहित हो जैहै, ई डर बैठो तौ बरसन की प्रीति पै संदेह होन लगो, पुष्पा बोलीं।"

अनिष्ट हुआ नहीं था; उसकी आशंका पुराने स्नेह का अर्थ बदल रही थी। अपने प्रिय व्यक्ति, धर्म या समुदाय की चिंता स्वाभाविक है। वही चिंता किसी तीसरे के अपराध का प्रमाण कैसे हो जाएगी?

सत्य बचन मानस बिमल कपट रहित करतूति।
तुलसी रघुबर सेवकहि सकै न कलिजुग धूति॥
(दोहावली, दोहा 87; रामसेवक के मन, वचन और कर्म की संगति।)

"यहाँ सत्य बोलने के साथ मन की निर्मलता और निष्कपट कर्म हैं", मैंने कहा–"हमारे प्रसंग में इससे अपनी नीयत और आचरण जाँचने की प्रेरणा मिलती है। निष्कपट होने से किसी की जानकारी अपने आप पूरी नहीं हो जाती।"

"जैसे तुमखों लगत है हमाई बात पूरी हो गई, अउ हम कहत रह जात हैं!"

मैंने अगला उत्तर रोक लिया। पुष्पा ने हँसकर आगे बोलने की छुट्टी दी। पैड़ी पर उतरते यात्रियों को निकल जाने देकर हम फिर चल पड़े।

"अयोध्या में सत्य की कठिन परीक्षा वचनपालन है। कैकेयी ने वर माँगे भी नहीं हैं और दशरथ कह रहे हैं":–

रघुकुल रीति सदा चलि आई। प्रानजाहुँबरुबचनु न जाई॥
निहिं असत्य सम पातक पुंजा। गिरि सम होहिं कि कोटिक गुंजा॥
सत्यमूल सब सुकृत सुहाए। बेदपुरानबिदित मनु गाए॥
(रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 28 से पूर्व, चौपाई 2 उत्तरार्ध और चौपाई 3; दशरथ-कैकेयी संवाद।)

वचन दूसरे के मन में भरोसा उत्पन्न करता है; उसे सुविधानुसार छोड़ना उस भरोसे को चोट पहुँचाना है। लेकिन कैकेयी उसी सत्यप्रतिष्ठा को अपने आग्रह का साधन बनाती हैं:–

सत्य सराहिकहेहुबरु देना। जानेहुलेइहिमागिचबेना॥
(रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 30 से पूर्व, चौपाई 3 का पूर्वार्ध; कैकेयी का दशरथ से कथन।)

"तौ साँच की दुहाई देके दूसरे को दुख भी दओ जा सकत है, पुष्पा बोलीं। बचन तुम देओ, बन में बेटा जाए! जाखों दुख है, उखों भी पूछो।"

उनकी आपत्ति आज के निर्णय की थी। तुलसी के प्रसंग में राम स्वयं वचन की मर्यादा स्वीकारते हैं। लौटने का आग्रह करते सुमंत्र से कहते हैं:–

धरमु न दूसर सत्य समाना।आगम निगम पुरान बखाना॥
(रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 95 से पूर्व, चौपाई 3 का पूर्वार्ध; राम-सुमंत्र संवाद।)

दशरथ की निष्ठा का मूल्यांकन तुलसी यहाँ भी करते हैं:–

तुलसी जान्यो दसरथहिं धरमु न सत्य समान।
रामु तजे जेहि लागि बिनु राम परिहरे प्रान॥
(दोहावली, दोहा 219; दशरथ का सत्यधर्म।)

यहाँ भय और लाभ की आशा परामर्श बिगाड़ते हैं। हमारे सामने रोजी खोने का डर था। पदवान की बात सहज स्वीकार ली जाए और श्रमिक से बार-बार प्रमाण माँगा जाए तो सत्य तक पहुँचने की सामाजिक व्यवस्था ही पक्षपाती हो जाती है।

मैंने कहा, "इनसे वचनभंग की सुविधा निकालना मूल आशय पलटना होगा। हमारी परिस्थिति में प्रश्न यह है कि संकल्प लेते समय विवेक कहाँ था और उसके निर्वाह का भार किस पर पड़ेगा। सत्य की प्रतिष्ठा चाहने वाला दूसरों की कीमत पर केवल अपनी प्रतिज्ञा की उज्ज्वलता तो नहीं बचा रहा?"

"अउ अपनी कही गलत बात सुधारो, तौ ऊ बचन से फिरबो भओ का?"

"वचन में किसी कर्म का दायित्व लिया जाता है; आरोप में किसी घटना के बारे में दावा होता है। पहला निभाने के लिए अपने आचरण को प्रतिज्ञा के अनुरूप करना है; दूसरे में कथन को उपलब्ध प्रमाण के अनुरूप करना है। भूल सुधारना यहाँ सत्यनिष्ठा का निर्वाह होगा।"

पुष्पा ने मोहन का उत्तर याद दिलाया। मैंने उससे पूछा था, 'गुस्सा आया होगा?' उसने कहा था, "आया था। रोज इन्हीं घरों में काम करना है।"

सचिव बैद गुर तीनि जौं प्रिय बोलहिं भय आस।
राज धर्म तन तीनि कर होइ बेगिहीं नास॥
(रामचरितमानस, सुन्दरकाण्ड, दोहा 37; रावण के चापलूस सलाहकारों के प्रसंग में कवि का कथन।)

यहाँ भय और लाभ की आशा परामर्श बिगाड़ते हैं। हमारे सामने रोजी खोने का डर था। पदवान की बात सहज स्वीकार ली जाए और श्रमिक से बार-बार प्रमाण माँगा जाए तो सत्य तक पहुँचने की सामाजिक व्यवस्था ही पक्षपाती हो जाती है।

"अउ साँच सुनबे को धरम किसको है?" पुष्पा ने पूछा। राम पुरजनों से कहते हैं:–

जौं अनीति कछुभाषौं भाई। तौंमोहिबरजहु भय बिसराई॥
(रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड, दोहा 43 से पूर्व, चौपाई 3 का उत्तरार्ध; राम का पुरजनों से कथन।)

'मोहि बरजहु' में शासक अपने निर्णय को टोकने का अधिकार देता है। आज इसे बरतें तो आपत्ति सुनी जाए, तथ्य मिलने पर निर्णय सुधरे और कहने वाला प्रतिशोध से सुरक्षित रहे। सच बोलने वाले की प्रशंसा करके उसकी पूरी कीमत उसी के परिवार पर छोड़ देना हमारी जिम्मेदारी पूरी नहीं करता।

मिथ्या माहुर सज्जनहि खलहि गरल सम साँच।
तुलसी छुअत पराइ ज्यों पारद पावक आँच॥
(दोहावली, दोहा 339; मिथ्या और सत्य के प्रति विपरीत प्रवृत्तियाँ।)

झूठ से घृणा और अप्रिय सत्य से पलायन मनुष्य की प्रवृत्ति पहचानने में सहायक हैं। फिर भी एक भूल से किसी को 'खल' घोषित कर देना उसी उतावली में लौटना होगा जिसकी हम जाँच कर रहे थे।

"तौ पहिचान ई भी है कि साँच सामने आवै, तब आदमी का करै", पुष्पा ने कहा। "हमाई बात गलत निकरै तौ हम मानें; दूसरे सेई सारी सहनशीलता काहे माँगें?"

सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका॥
(रामचरितमानस, लंकाकाण्ड, दोहा 80 से पूर्व, चौपाई 3 का पूर्वार्ध; राम का विभीषण को धर्मरथ-वर्णन।)

'सत्य के साथ शील है', मैंने कहा। "सही बात कहने वाला भी दूसरे का अपमान करके आनंद लेने लगे तो अपने आचरण की परीक्षा से बच नहीं सकता।"

की मुख पट दीन्हे रहैंजथा अर्थ भाषंत। तुलसी या संसारमें सो बिचारजुत संत॥
बोलै बचन बिचारि कैलीन्हें संत सुभाव। तुलसी दुख दुर्बचन के पंथ देत नहिं पाँव॥
वैराग्यसंदीपनी, दोहे 11-12; विचारपूर्वक बोलने का संतस्वभाव।

"पर जाँच पूरी होय तबई बोलो, तौ जाके संग बुरो भओ, ऊ कब बोलै?"

"अपनी पीड़ा कहने और सहायता माँगने के लिए सारे प्रमाण जुटाना शर्त नहीं। जो मालूम है, उसे कहें; संदेह को संदेह कहें। आरोपित का उत्तर भी सुना जाए, लेकिन उसके इनकार से शिकायत खारिज नहीं होती।"

पुष्पा ने सरयू की ओर देखा। "बब्बा जगत को झूठो भी कहत हैं। फिर ई साँच कहाँ टिकै?"

झूठो है, झूठो है, झूठो सदा जगु, संत कहंत जे अंतु लहा है।
(कवितावली, उत्तरकाण्ड, इस आरम्भ वाला सवैया, पहली पंक्ति; गीताप्रेस, 2017, पृ. 91।)

कोउ कह सत्य, झूठ कह कोऊ, जुगल प्रबल कोउ मानै।
तुलसिदास परिहरै तीन भ्रम, सो आपन पहिचानै॥
विनयपत्रिका, पद 111, अंतिम पदांश; 'केसव! कहि न जाइ का कहिये' में जगत और आत्मबोध का प्रश्न।

"यहाँ जगत की परम वास्तविकता, मोह और आत्मपहचान का विचार है। मोहन ने डाल काटी या गिरी डाल हटाई, इसकी जाँच दूसरे स्तर की है। संसार की नश्वरता से उसकी रोजी और अपमान का दुख निरर्थक नहीं हो जाता।"

उस दिन पड़ोसी ने पहले लिखा था, 'कुछ गलतफहमी हो गई थी।' उससे आरोप किसने लगाया, किस पर लगाया, सब छिप गया था। फिर उन्होंने साफ लिखा कि गिरी डाल काटते देखकर मोहन पर पेड़ से डाल काटने का गलत आरोप लगाया था; पहला संदेश वापस लेते हैं। पढ़ते हुए मोहन की उँगली अपने नाम पर ठहरी थी।

"अपने लिखे में सुधार बब्बा ने भी माँगे हैं", पुष्पा बोलीं।

यह बिराग संदीपनी सुजन सुचित सुनि लेहु।
अनुचित बचन बिचारि के जस सुधारि तस देहु॥
(वैराग्यसंदीपनी, दोहा 62; ग्रंथ के अंत में सुजनों से कवि का निवेदन।)

घाट पर एक परिवार अपने साथियों की बाट जोह रहा था। हम भी ठिठके। मोहन को भेजा गया सुधार कितनों ने पढ़ा होगा, हम नहीं जानते थे। जहाँ आरोप पहुँचा, वहाँ उसका खंडन पहुँचाने का श्रम बाकी था। सार्वजनिक आरोप लगाने वाला अपने कथन के आधार और परिणाम, दोनों का उत्तरदायी है। तथ्य जाँचना, अनिश्चितता बताना, उत्तर सुनना और भूल उजागर होने पर स्पष्ट सुधार करना इसी दायित्व के अंग हैं। हमारे कथन से किसी की साख घटी हो तो उसे लौटाने का प्रयत्न भी हमें करना होगा।

-अतिथि सम्पादक,
डॉ. दीप नारायण पाण्डेय
(इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर)
(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)

भारतीय परंपरा, राष्ट्रीय स्वाभिमान और सामाजिक संगठन के विचार का ऐतिहासिक संगम

विजयदशमी, संघ स्थापना और राष्ट्र चेतना का संकल्प

वासुदेव देवनानी

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में कुछ तिथियां केवल कैलेंडर का हिस्सा नहीं होतीं, वे विचार और संकल्प की प्रतीक बन जाती हैं। विजयदशमी ऐसी ही एक तिथि है। भगवान श्रीराम की रावण पर विजय और देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय से जुड़ा यह पर्व धर्म, न्याय, साहस और मर्यादा की प्रतिष्ठा का संदेश देता है। इसी दिन 27 सितंबर 1925 को नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की।

इस चयन को केवल एक धार्मिक पर्व के साथ संगठन के जन्म का संयोग मानकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं होगा। संघ की वैचारिक परंपरा में विजयदशमी का अर्थ आत्मविश्वास, संगठन और राष्ट्रीय पुनर्जागरण के संकल्प से भी जोड़ा जाता है।

पर्व से प्रेरणा तक :-भारतीय समाज में त्योहार सामाजिक जीवन को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम रहे हैं। वे पीढ़ियों के बीच सांस्कृतिक संवाद स्थापित करते हैं और जीवन-मूल्यों को लोकपरंपराओं के माध्यम से आगे बढ़ाते हैं। विजयदशमी का संदेश विशेष रूप से इस बात पर केंद्रित है कि शक्ति का उपयोग मर्यादा की रक्षा के लिए होना चाहिए और किसी भी उपलब्धि के साथ नैतिक जिम्मेदारी जुड़ी होती है।

डॉ. हेडगेवार ने जिस समय संघ की स्थापना की, उस समय भारत औपनिवेशिक शासन के अधीन था। स्वतंत्रता की आकांक्षा व्यापक हो रही थी, किंतु समाज में अनेक प्रकार के विभाजन और संगठन संबंधी चुनौतियां भी मौजूद थीं। संघ के संस्थापक ने सामाजिक संगठन और अनुशासित स्वयंसेवक निर्माण को राष्ट्रीय जीवन के लिए महत्वपूर्ण माना।

राष्ट्र चेतना का अर्थ :- राष्ट्र चेतना केवल देश के प्रति भावनात्मक लगाव का नाम नहीं है। इसमें नागरिक कर्तव्य, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, कानून का सम्मान, सामाजिक उत्तरदायित्व और संकट के समय सामूहिक सहयोग की भावना भी शामिल है।

संघ की शाखा व्यवस्था इसी उद्देश्य से विकसित की गई कि लोग नियमित रूप से मिलें, एक-दूसरे के साथ कार्य करना सीखें और व्यक्तिगत हित से आगे बढ़कर सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक हों। संघ की विचारधारा में सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता को परस्पर जुड़ा हुआ माना जाता है।लेकिन आधुनिक लोकतंत्र में राष्ट्र चेतना की व्यापकता का परीक्षण इस बात से भी होता है कि देश की विविध भाषाओं, आस्थाओं और समुदायों के लोग उसमें अपना समान स्थान अनुभव करते हैं या नहीं। राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आत्मबोध तभी स्थायी बनते हैं, जब वे परस्पर सम्मान और समान नागरिक अधिकारों के साथ आगे बढ़ें।

सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक भारत :-भारत की संस्कृति किसी एक कालखंड की रचना नहीं है। इसमें वैदिक और उपनिषदिक परंपराओं, बौद्ध-जैन विचारों, भक्ति और सूफी धाराओं, लोककलाओं, क्षेत्रीय भाषाओं तथा अनेक सामाजिक आंदोलनों का योगदान है। इसकी जीवंतता का कारण विभिन्न परंपराओं का संवाद और समय के साथ स्वयं को बदलने की क्षमता भी रही है। संघ की सांस्कृतिक दृष्टि भारतीय सभ्यतागत विरासत और हिंदू पहचान पर विशेष जोर देती है। समर्थकों के अनुसार, इससे समाज में सांस्कृतिक आत्मविश्वास और संगठन की भावना को बल मिला है। आलोचकों का मत है कि इस दृष्टि को सभी समुदायों की समान भागीदारी और भारत के बहुलतावादी स्वरूप के संदर्भ में निरंतर परखना आवश्यक है।

यह बहस इस बात की याद दिलाती है कि सांस्कृतिक गौरव का उद्देश्य अतीत की उपलब्धियों का स्मरण भर नहीं, बल्कि वर्तमान में न्यायपूर्ण और जिम्मेदार समाज का निर्माण भी होना चाहिए।

विजय का वास्तविक अर्थ :-विजयदशमी का सबसे गहरा संदेश आत्मविजय है। रावण के दस सिरों को प्रतीकात्मक रूप से काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार और अन्य मानवीय कमजोरियों से जोड़कर भी देखा जाता है। यह व्याख्या हमें बताती है कि बाहरी विजय से पहले अपने भीतर की दुर्बलताओं को पहचानना जरूरी है। संगठन भी इसी नैतिक कसौटी पर सार्थक होता है। अनुशासन के साथ संवेदनशीलता, शक्ति के साथ संयम, राष्ट्रप्रेम के साथ मानवीय गरिमा और परंपरा के साथ विवेक हो, तभी सामूहिक प्रयास समाज को मजबूत बना सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होना केवल एक संगठन की ऐतिहासिक यात्रा का पड़ाव नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के विचार पर विमर्श का अवसर भी है। यह अवसर पूछता है कि भारत की एकता को किस प्रकार सुदृढ़ किया जाए, सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक कैसे पहुंचाया जाए और विकास की यात्रा में किसी नागरिक को पीछे न छूटने देने के लिए क्या किया जाए।

विजयदशमी का संकल्प तभी जीवंत होगा, जब विजय का उत्सव आत्ममंथन से जुड़ेगा और राष्ट्र के प्रति प्रेम, समाज के प्रति सेवा तथा प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सम्मान में अभिव्यक्त होगा।

–वासुदेव देवनानी,
राजस्थान विधानसभा के माननीय अध्यक्ष हैं)।

विकसित भारत के लिए शिक्षा

डॉ. अरुणा व्यास

शिक्षा ही सर्वांगीण विकास की सबसे बड़ी राह है। भविष्य की उदात्त दृष्टि को यदि सफल होते देखना है तो शिक्षा ही उसकी सुगमता है। आजादी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत 2047 की जो संकल्पना देश में संजोई गई है, उसकी पूर्ति देश के शैक्षिक ढांचे को सुदृढ करके की ही की जा सकती है। इस दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये देश में उच्च शिक्षा नियामक व्यवस्था का पुनर्गठन करते हुए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान ( ) विधेयक, 2025 की पहल महत्वपूर्ण है। भारत में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ इसके अंतर्गत हमारी वैश्विक शिक्षा प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया है।

यह महत्वपूर्ण है कि इस विधेयक के अंतर्गत शिक्षा में विश्व-स्तरीय घरेलू अवसर उपलब्ध कराकर तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित कर प्रतिभा पलायन को रोकने की महती दृष्टि संजोई गई है। अभी स्थित यह है कि देश में उच्च, तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत अध्ययन करने वाले बहुत सारे विद्यार्थी अपने देश में पढ़कर विदेशों में सेवाएं देते हैं। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली होने के बावजूद शिक्षा नामांकन के मामले में 146 देशों में भारत 129वें स्थान पर है। यह स्थिति चिंताजनक तो है ही, हमारी शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है। शिक्षा अधिष्ठान विधेयक के अंतर्गत सम्मिलित नवाचारों का व्यावहारिक क्रियान्वयन जरूरी है। अभी हमारे विश्वविद्यालय विश्व स्तर पर बहुत नीचे के पायदान पर हैं। ज्ञान परम्परा के अंतर्गत विश्वविद्यालयों को समृद्ध किए जाने की सोच ठीक है परन्तु जब तक विश्वविद्यालयों को विश्व-स्तर से जुड़े आयामों से नहीं जोड़ा जाएगा, वे बहुत अधिक योग्य मानव संसाधन प्रदान नहीं कर पाएंगें। इसलिए जरूरी है कि वहां ऐसे पाठ्यक्रम और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाएं जिनसे विद्यार्थी समय के अनुकूल और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने रह सकें।

शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। अत: विश्व को एक ही इकाई मानकर शिक्षा का प्रबन्धन करना चाहिए। श्रेष्ठ शिक्षा के साथ एकीकृत ऐसी शिक्षा प्रणाली हमारे यहां बने जिससे वैश्विक स्तर पर शिक्षा का लाभ विद्यार्थी को मिले। यह सच है, हमारे विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए विदेशी छात्र-छात्राओं का आकर्षण तभी होगा जब वे श्रेष्ठतम ज्ञान केन्द्र बनेंगे। जह यहां का शिक्षा का स्तर को बढ़ेगा। शिक्षा में शोध और अनुसंधान की मौलिक दृष्टि विकसित की जाएगी। अमेरिका, यूके, जापान, जर्मनी, सिंगापुर, साउथ कोरिया आदि देशों की शिक्षा प्रणालियों इस समय बेहतरीन मानी जाती है। वहां कैसे और किसी तरह से विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है, इसका अध्ययन जरूरी है। विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे विश्व के टॉप रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों की तर्ज पर अपने यहां पाठ्यक्रमों और पढ़ाई के आधुनिक तकनीक का विकास करें।

गांव और शहर का भेद मिटाते हुए देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सार्वजनिकरण के लिए तेजी से काम करने की आवश्यकता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के अंतर्गत भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने की जो दृष्टि संजोई गई है, उसका आधार सप्तर्षि सिद्धांत मान गए हैं। यह सिद्धान्त हैं-समावेशी विकास; अंतिम छोर तक विकास की पहुंच, बुनियादी ढाँचा और प्रभावी निवेश, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास, युवा शक्ति का देश के विकास के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन उपयोग और वित्तीय क्षेत्र को सुदृढ करते हुए राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का बेहतर प्रबंधन। शिक्षा इस सबका मूलाधार है। शैक्षिक उन्नयन यदि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनेगा, तभी हम विकसित भारत के संकल्प को प्रभावी रूप में क्रियान्वित कर पाएंगें।

–डॉ. अरुणा व्यास,
लेखिका।

लॉस एंजिल्स ओलम्पिक की ओर बढ़ती मंजू की साइकिल

राजस्थान की साइक्लिंग प्रतिभाओं को मिला खेल जगत का बड़ा प्रोत्साहन

अनीशा सहारन

बालोतरा की मंजू चौधरी से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले साइकिल चालकों तक राजस्थान की साइक्लिंग की कहानी एक व्यापक खेल बदलाव को दर्शाती है-जिसे प्रतिभा खोज, बुनियादी ढांचे, वित्तीय सहायता और एथलीट कल्याण में बढ़ते निवेश का मजबूत समर्थन हासिल है। मंजू का सपना 2028 लॉस एंजिल्स ओलम्पिक में देश का प्रतिनिधित्व करना और मेडल जीतना है। वहां लड़कियों के लिए साइक्लिंग स्पर्धाओं में 11 गोल्ड दांव पर होंगे। 2007 में जन्मी युवा मंजू चौधरी के लिए यह सफर पहले से ही पदकों की एक असाधारण झड़ी लगा चुका है। उन्होंने रोड, ट्रैक, स्कूल, यूनिवर्सिटी और खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं में नौ राष्ट्रीय स्तर के पदक-एक स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य-जीते हैं। उनकी उपलब्धियों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक, 2025 नेशनल रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप में 60 किलोमीटर मिक्स्ड टीम रिले में रजत पदक, नेशनल ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में ओम्नियम में कांस्य पदक और 2026 अस्मिता विमेंस साइक्लिंग लीग में जूनियर महिला कीरिन में कांस्य पदक शामिल हैं। फिर भी मंजू की कहानी उनके मेडलों की अलमारी से कहीं बढ़कर है। भजनलाल शर्मा सरकार के नेतृत्व में, जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, वित्तीय सहायता प्रदान करने और ऐसे रास्ते बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसके माध्यम से युवा एथलीट उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं की ओर आगे बढ़ सकें। साइक्लिंग जैसे खेल के लिए यह दृष्टिकोण विशेष रूप से मूल्यवान साबित हो सकता है।

साइक्लिंग की महंगी हकीकत-

मंजू का अपना सफर प्रतिस्पर्धी साइक्लिंग के दूसरे पहलू को भी उजागर करता है। वह बीकानेर में अपने गुरु जेठाराम के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेती हैं, जहां उनकी दैनिक रोड-ट्रेनिंग लगभग 60-90 किलोमीटर तक होती है और साप्ताहिक लंबी राइड लगभग 100-120 किलोमीटर तक पहुंच जाती है। लेकिन एक एथलीट के प्रशिक्षण शुरू करने से पहले ही, उपकरणों का एक बड़ा सवाल सामने आता है।

मंजू की प्रतिस्पर्धी साइकिल की मूल कीमत 2.35 लाख थी। उनके गुरु जेठाराम के अनुरोध पर विक्रेता इसे 1.36 लाख में देने पर सहमत हुए और बाकी रकम को सामाजिक उपकार समर्थन मान कर अपना योगदान दिया। एक साइकिल खिलाड़ी को कम से कम दो साइकिलों की आवश्यकता होती है-एक प्रशिक्षण के लिए और दूसरी प्रतियोगिता के लिए। इससे उच्च स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 8-10 लाख तक के उपकरण आवश्यक हो जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के एथलीट के लिए यह एक बहुत बड़ी बाधा है और फिर भी मंजू ने प्रतिस्पर्धा करना जारी रखा है। इसलिए उनकी कहानी यह दर्शाती है कि एक व्यापक खेल इकोसिस्टम क्यों मायने रखता है। वित्तीय सहायता, उपकरणों की मदद, गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और प्रशिक्षण सुविधाओं तक पहुंच यह तय कर सकती है कि होनहार एथलीट आगे बढ़ेंगे या प्रतिस्पर्धी खेल से गायब हो जाएंगे।

जेठाराम वर्तमान में लगभग 40 साइकिल चालकों को मेंटर कर रहे हैं। इस समूह में ऐसे साइकिल चालक शामिल हैं जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की है, जबकि लगभग सात अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुंचे हैं। यह एक महत्वपूर्ण बात की ओर इशारा करता है। राजस्थान की साइक्लिंग चुनौती शायद प्रतिभा की कमी नहीं है बल्कि उस प्रतिभा के चारों ओर एक मजबूत रास्ता बनाने की आवश्यकता है।

मंजू का यह जूनून, भजनलाल सरकार का साथ और ईश्वर की कृपा उसे कार्सन वेलोड्रोम, जहां लॉस एंजिल्स ओलम्पिक साइक्लिंग ट्रैक स्पर्धाएं होंगी, में गोल्ड मैडल दिलाए, यह मेरा विश्वास भी है, प्रार्थना है। विश्वास एक साइक्लिंग खिलाड़ी का, जिसने अपने खेल कॅरियर में मंजूओं के सपनों को संसाधन, प्रोत्साहन और उचित वातावरण के अभाव में पोडियम से पहले, यहां तक कि ट्रैक से पहले टूटते बिखरते देखा है, महसूस किया है, जिया है।

–अनीशा सहारन,
नेशनल साइक्लिंग चैम्पियनशिप में सिल्वर मैडल विजेता व डीआईपीआर में यंग मीडिया सहायक।

राशिफल रविवार 18 अक्टूबर, 2026

पंडित अनिल शर्मा

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत-2083, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दिन 12:44 तक, सुकर्मा योग रात्रि 12:56 तक, वणिज करण प्रात: 8:29 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:33 से मकर राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति– सूर्य-तुला, चन्द्रमा-धनु, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज राजयोग सूर्योदय से प्रात: 8:29 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:49 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रात: 8:29 से रात्रि 9:40 तक रहेगी। आज महा सप्तमी, त्रिदिनात्मक दुर्गा पूजन आरम्भ है। आज सप्तमी तिथि में वृद्धि हुई है। आज अन्नपूर्णा परिक्रमा प्रात: 8:29 से है। सरस्वती बलिदान दिन 12:49 के बाद है।

श्रेष्ठ चौघड़िया– चर 7:57 से 9:22 तक, लाभ अमृत 9:22 से 12:12 तक, शुभ 1:37 से 3:02 तक

राहुकाल– 4:30 से 6:00 तक, सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 5:52

मेष
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। आज नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

सिंह
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

धनु
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

वृष
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्य

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 31 संख्याः 80 प्रभात अजमेर, रविवार 18 अक्टूबर, 2026 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

अडवानी आईसीयू में भर्ती

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण अडवाणी को सीने में संक्रमण के कारण दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शासन के 25 वर्ष पूरे होने पर उनका आशीर्वाद

- **छाती के दर्द की शिकायत के बाद भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री एल के अडवानी को इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।**

लेने के लिए उनसे मुलाकात किए जाने के नौ दिन बाद आडवाणी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

98 वर्षीय भाजपा नेता इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल की आईसीयू में भर्ती हैं। अस्पताल के बयान के अनुसार, वरिष्ठ न्यूरोलॉजी सलाहकार डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

अस्पताल ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टर उनकी सेहत पर लगातार नज़र रख रहे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने अस्पताल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद पर लगी रोक हटाई, भारत को बड़ी राहत

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि रोक हटाने में अमेरिका का राष्ट्रीय हित निहित है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। भारत और चीन को बड़ी राहत देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूस के निर्यात से जुड़े कई प्रतिबंधों और टैरिफ के लागू होने पर रोक लगा दी है। ये प्रतिबंध और टैरिफ उनके द्वारा पिछले महीने हस्ताक्षिरत विधेयक के तहत एक दिन बाद लागू होने वाले थे।

ट्रंप के अनुसार, यह रोक अमेरिका के राष्ट्रीय हित में लगाई गई है।

शुक्रवार देर रात जारी एक कार्यकारी आदेश में ट्रंप ने कहा, "मैं इसके द्वारा ग्राहम एक्ट में निर्धारित ऐसे प्रतिबंधों, पाबंदियों और शुल्कों के लागू होने से छूट दे रहा हूं। मैंने कांग्रेस को प्रमाणित किया है कि इस समय ऐसी छूट देना अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है।"

हालांकि, इस आदेश के तहत रूस से संबंधित टैरिफ को केवल फिलहाल स्थगित किया गया है।

- **ज्ञातव्य है कि गत माह ट्रंप ने उस बिल पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ का प्रावधान था।**
- **उक्त बिल का उद्देश्य रूस के वित्तीय संसाधनों में कटौती करना था, ताकि रूस यूक्रेन के खिलाफ अपने युद्ध को खत्म करने के लिए मजबूर हो जाए।**

इसका अर्थ है कि ट्रंप चाहें तो बाद में इन्हें लागू कर सकते हैं।

ट्रंप ने हाल ही में 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' नामक कानून पर हस्ताक्षर किए थे।

इस कानून का उद्देश्य यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को जारी रखने में मदद करने वाले वित्तीय संसाधनों को सीमित करना था। इसके तहत, रूसी अधिकारियों, बैंकों, ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े हितों और मॉस्को के सैन्य अभियानों का समर्थन करने वाली विदेशी संस्थाओं को निशाना बनाया गया था।

कानून ने ट्रंप को रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर भी टैरिफ लगाने का अधिकार दिया था, ताकि रूसी तेल और गैस पर उनकी निर्भरता कम की जा सके। इसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूस की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान भी शामिल था।

इस कानून से रूसी तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का रास्ता खुल जाता। इससे भारत और चीन सहित, 10 देशों पर ऐसे टैरिफ का खतरा पैदा हो गया था।

नूडल्स खाने से 5 की मौत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। एक दुखद घटना के अन्तर्गत, उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के एक गांव में शनिवार को एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। इनमें 3 से 11 साल की उम्र के तीन बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मौतों के पीछे फूड पॉइजनिंग का शक है। बताया जा रहा

- **सभी मृतक एक ही परिवार के थे। मरने वालों में पति-पत्नी के अलावा उनके 3 से 11 साल के तीन बच्चे शामिल हैं।**

है कि परिवार ने पिछली रात नूडल्स खाए थे।

मृतकों की पहचान 37 वर्षीय महेश, उनकी 35 वर्षीय पत्नी ललिता और उनके बच्चों लड्डू (11वर्ष), मिष्टी (7 वर्ष), साक्षत (3 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, आज सुबह इन मौतों की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस, वरिष्ठ अधिकारी, एक एंबुलेंस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बताया कि महेश की मां और पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उन्हें बताया कि परिवार ने पिछली रात नूडल्स खाए थे। शुरुआती जांच में खाने से विषाक्तता की आशंका जताई जा रही है, लेकिन मौत का कारण अभी तक पक्का नहीं हुआ है। मौत के सही कारण का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने जयशंकर को तलब किया मुम्बई में?

भारत के राजनैतिक हलकों में इस मुद्दे पर भारी विवाद खड़ा हो गया है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की 20 अक्टूबर को मुंबई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से होने वाली मुलाकात को लेकर एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी नेताओं का दावा है कि अमेरिकी पक्ष ने मंत्री को "तलब" किया है। विदेश मंत्रालय ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी के बाहर विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के साथ मुलाकात करना, पिछले एक दशक से चली आ रही एक स्थापित परंपरा है।

यह विवाद तब शुरू हुआ, जब भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने "ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम" में कहा कि रुबियो मुंबई में भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और "हमें उम्मीद है कि मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और दिल्ली से कुछ अन्य लोग वहां मौजूद रहेंगे।" कांग्रेस नेताओं ने इस बयान के शब्दों को पकड़ लिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, " मिस्टर रुबियो ने अपने कर्मचारी को मुंबई में तलब किया

- **असल में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम में कहा था कि रुबियो मुम्बई में भारतीय अधिकारियों से मिलेंगे और उम्मीद है कि इसमें जयशंकर भी मौजूद रहेंगे।**
- **विपक्ष का आरोप है कि भारतीय मंत्री के कार्यक्रम की घोषणा विदेशी राजदूत क्यों कर रहे हैं, क्या अमेरिका ने भारतीय विदेश मंत्री को तलब किया है?**
- **विदेश मंत्रालय ने इस बात से इनकार किया और कहा, विदेशी गणमान्य अतिथियों से मिलना पिछले एक दशक से चली आ रही परंपरा है।**

है। मोदी जी, विदेश मंत्रालय में आपके अधिकारी इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि आखिर चल क्या रहा है। बेहतर होगा कि आप ही समझा दें, या फिर, अगर आप चाहें तो मैं समझा सकता हूँ।"

कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी इसी तरह की आलोचना की। जयराम रमेश ने सवाल उठाया कि देश के भीतर किसी भारतीय मंत्री के कार्यक्रम की घोषणा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बजाय, किसी विदेशी राजदूत के माध्यम से क्यों कराई गई? पवन खेड़ा ने भारतीय जमीन पर किसी विदेशी सरकार द्वारा भारत के विदेश मंत्री को तलब किए जाने को "निचले स्तर की बात" बताया। उन्होंने कहा कि रुबियो के दौरे के कार्यक्रम में नई दिल्ली शामिल नहीं है, बल्कि वे मुंबई तथा गुजरात के जामनगर जा रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस मुलाकात की पुष्टि की। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि 19 और 20 अक्टूबर को जयशंकर मुंबई में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

गोल्ड कॉइन और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999* से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: अजमेर: राजवंश हीरो, 9289233975, रेलन हीरो, ब्यावरा रोड़, 9289922455, नागौर: धारणिया हीरो, 9289922199, ब्यावर: मंगलम हीरो, 9289922700, किशनगढ़: अमित हीरो, 9289923056, मेड़ता सिटी: जय राना हीरो, 9289922841, कुचामन सिटी: राज हीरो, 9289923111, एसोशिएट डीलरः ब्यावर: मंगलम ऑटोमोबाईल, 9251321000, विजय नगर: कमल ऑटोव्हील्स, 7014040994, केकड़ी: अग्रवाल ऑटो स्पेयर्स, सावर रोड़, 7023812796, डीडवाना: जाँगिड मोटर्स, 01580 223043 सरवड: कृष्णा मोटर्स,9214030048, गोटन: मारुति मोटर्स, 9414603017, मसूदा: बालाजी मोटर्स, 9950437559, डेगाना: शुभम मोटर्स, 8107676760, मकराना: राज ऑटो एजेंसी, 9462523111, परबतसरः शिवम मोटर, 9166362402, मौलासर: सुजान मोटर्स, 9413929633/ 9166578910, बांदनवाड़ा: पार्श्वनाथ मोटर्स, 9251050200, कादेड़ा: इंडियन ऑटो एजेंसी, 7023657470, (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) अजमेर: रेलन हीरो, ब्यावरा रोड़, 9289922455, ब्यावर: मंगलम हीरो, 9289922700.

कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पुलिया से नीचे गिरी ट्रैवलर, आठ की मौत एवं 17 घायल

वाहन चालक को झपकी आने से ट्रैवलर पुलिया से नाले में गिर गई, 25 लोग सवार थे

कोटा, (निसं)। कोटा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ यात्रियों की जान चली गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। हादसा सीमलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह करीब सात बजे हुआ, जब मध्यप्रदेश से जयपुर जा रहा एक ट्रैवलर वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से करीब 20 फीट नीचे बरसाती नाले में जा गिरा।

सीमलिया थाना अधिकारी नंद सिंह ने बताया कि ट्रैवलर ने कराड़िया टोल प्लाजा पार किया था और सुल्तानपुर की ओर बढ़ रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैवलर के चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। स्पीड अधिक होने के कारण वाहन से नियंत्रण पूरी तरह छूट गया। सड़क पर लगे मजबूत डिवाइडर को तोड़ते हुए पुलिया के बीच से सीधे नीचे नाले में जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैवलर का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और भीतर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इन लोगों को 20 फीट नीचे नाले से बाहर निकाला गया। जहां से घायलों को एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल और एमबीएस हॉस्पिटल ले जाया गया। घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी नए अस्पताल पहुंचे और

हादसे के बाद क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रैवलर को नाले में से बाहर निकाला।

मरीजों से मुलाकात की है। उसके बाद उन्होंने पूरे घटनाक्रम में जांच के आदेश भी दिए हैं। प्रशासन को तत्काल मरीजों को उचित और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटना के तत्काल बाद कोटा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हरेंद्र महावर और कार्यवाहक संभागीय आयुक्त व कोटा जिला कलेक्टर पियूष समारिया एमबीएस अस्पताल पहुंचे। कलेक्टर का कहना है कि दुर्घटना के तत्काल बाद अस्पतालों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया था। गंभीर घायल मरीजों को आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि हादसे में 17 लोग घायल हैं। इस ट्रैवलर में करीब 25 लोग सवार थे।

एमबीएस अस्पताल पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण राम कल्याण मीणा ने बताया इस टूर को ले जा रहे व्यक्ति के भी चोट लगी है। यह सभी लोग भोपाल और बैतूल के आसपास के हैं। मरने वाले आठ लोगों में वैष्णवी, तृषा, अरुणा, कृष्णा, अनीता, ओम सूर्यवंशी और ड्राइवर अज्ञात है। इनके शव को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में रखा गया है जबकि एक रानू बोड़वे की मौत एमबीएस में हो गई है। रानू मध्य प्रदेश के भोपाल के राजीव नगर निवासी है। घायलों में हेमलता गायकवाड़, अजय, वंशिका मोनिशा, चित्रेश और सारांश शामिल हैं। इनका उपचार मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में चल रहा है, जबकि एमबीएस में चेतन, क्रिश्वी, वैदेही, नीलू गुड़के, संतोष वर्षा और कमलेश हैं। मृतक और घायल सभी लोग आपस में रिश्तेदार और पारिवारिक दोस्त हैं।

कोटा में हुए दर्दनाक हादसे के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कड़ा

- **हादसे के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कड़ा रुख अपनाया, कलैक्टर और एस पी विशेष जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दुख जताया है, सीएम ने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं प्रभावितों को सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए**

रुख अपनाया है। घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत नए अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और ढांढस बंधाया। लोकसभा अध्यक्ष ने पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कोटा जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को एक विशेष जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। इस कमेटी की रिपोर्ट में जो भी तथ्य (फैक्ट्स) सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ओम बिरला ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे सहित अन्य सभी प्रमुख हाईवे पर सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिन जगहों पर बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं, ऐसे ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर लिया गया है और भविष्य में हादसों को रोकने के लिए वहां जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। इन सभी व्यवस्थाओं और सड़कों को दुरुस्त करने के लिए नवम्बर महीने में एक अहम बैठक बुलाई जाएगी। इस बैठक में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पीडब्ल्यूडी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे, ताकि सभी जर्जर और खतरनाक सड़कों को समय रहते ठीक किया जा सके। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भोपाल से खाटूश्यामजी जा रही मिनी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई जनहानि का समाचार अत्यंत दुखद है। संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं प्रभावितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने लिखा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

विराटनगर के देवनगर बीलवाड़ी में पैंथर का आतंक

पैंथर ने बाड़े में घुसकर बकरियों पर हमला किया

पावटा, (निसं)। विराटनगर तहसील क्षेत्र के देवनगर बीलवाड़ी गांव में पैंथर की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुधवार देर रात करीब एक बजे पैंथर शंकरलाल चेची उर्फ पप्पू चेची के घर में बने बाड़े में घुस गया और बकरियों पर हमला कर दिया। बाड़े में करीब 50 बकरियां मौजूद थीं। हमले के दौरान पास में सो रहे पप्पू चेची की नींद खुल गई, लेकिन इसके बावजूद पैंथर दो से तीन बकरियों पर झपट पड़ा। घटना के बाद पशुपालकों में अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, देवनगर बीलवाड़ी क्षेत्र में पिछले करीब दो महीनों से पैंथर लगातार दिखाई दे रहे हैं। कई बार तीन पैंथर एक साथ नजर आने की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि पैंथर रात के समय आबादी क्षेत्र के आसपास घूमते हुए घरों के बाड़ों में घुसकर पालतू पशुओं को निशाना बना रहे हैं। इससे पशुपालकों में भय व्याप्त है और लोग रातभर अपने पशुओं की रखवाली करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का दावा है कि पिछले दो महीनों के दौरान पैंथर करीब 10 बकरियों, एक बछड़े और तीन पालतू कुत्तों का शिकार कर चुके हैं। लगातार हो रही घटनाओं से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो पशुओं पर हमले की घटनाएं बढ़ सकती हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, पैंथर की आवाजाही और पालतू पशुओं पर हमलों की जानकारी कई बार वन विभाग के कर्मचारियों को दी जा चुकी है। इसके बावजूद क्षेत्र में पिंजरा लगाने या पैंथर की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाने, पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और पशुपालकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

लाडनूं में 100 से अधिक वाहन जब्त, दस जने गिरफ्तार

लाडनूं, (निसं)। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और रात के समय अकारण घूमने वाले लोगों पर अंकुश लगाने के लिए लाडनूं पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने रातभर अभियान चलाकर 100 से अधिक वाहनों को जब्त किया, वहीं 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी प्यारेलाल शिवरान के निर्देश पर सीआई शिम्भू दयाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस जाब्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान तेज गति से वाहन चलाने वालों, रात के समय अकारण घूमने वालों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की।

रामराज की स्थापना के लिए कर्तव्यों के प्रति सजगता आवश्यक : सीएम भजनलाल शर्मा

रामकथा में शामिल होने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जोधपुर पहुंचे

जोधपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में रामकथा के दौरान युवाओं से धार्मिक ग्रंथों और भारतीय संस्कृति से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामायण पढ़ने का समय नहीं मिले तो सुंदरकांड पढ़ें। सीएम ने कर्तव्यों के पालन, बुजुर्गों के सम्मान और समाज में समरसता को रामराज की स्थापना के लिए जरूरी बताया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति कर्तव्यों पर आधारित रही है और इन्हीं कर्तव्यों के पालन से रामराज्य की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि आज समाज में अधिकारों की चर्चा अधिक होती है, जबकि कर्तव्यों के प्रति सजगता आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और संस्कारों के माध्यम से ही हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जोधपुर जिले के ग्राम केलावा खुर्द स्थित केशव प्रिया गोशाला में आयोजित दिव्य रामकथा एवं नवकुण्डीय यज्ञ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने व्यासपीठ के संत मुरलीधर महाराज से भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि संत, महंत और ऋषि-मुनि सदैव समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य करते आए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जोधपुर के ग्राम केलावा खुर्द स्थित केशव प्रिया गोशाला में आयोजित दिव्य रामकथा एवं नवकुण्डीय यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे।

हैं। हमारी हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति और परंपराएं आज भी समाज को जीवन जीने की दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संतों के सान्निध्य में बिताया गया थोड़ा समय भी जीवन को नई सीख और प्रेरणा प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श आचरण और कर्तव्यपालन की प्रेरणा देता है। रामायण और अन्य धार्मिक ग्रंथों में जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य समाहित हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास संपूर्ण रामायण पढ़ने का समय नहीं है तो वह सुंदरकांड का पाठ अवश्य करे, उसमें जीवन का सार मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी कर्म को सर्वोपरि बताते हुए कर्म करने और फल की चिंता न करने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले परिवारों में बुजुर्ग बच्चों को रामायण, महापुरुषों एवं ऋषि-मुनियों के प्रेरक प्रसंग सुनाते थे, जिससे नई पीढ़ी को संस्कार और जीवन मूल्य प्राप्त होते थे। बदलते समय में यह परंपरा धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, संसदीय कार्य, विधि एवं विधि कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद पी.पी. चौधरी, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, विधायक भैराराम सियोल, अर्जुन लाल गर्ग, अतुल भंसाली, प्रियंका चौधरी, पब्बाराम विश्नोई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, संतजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बोरवेल में गिरा मासूम भोमाराम जिंदगी की जंग हारा, गांव में पसरा मातम

जोधपुर, (कासं)। फलोदी जिले के लोहावट क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौसर स्थित पूनिया की ढाणी में बोरवेल में गिरे नौ वर्षीय मासूम भोमाराम को आखिरकार लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शनिवार को बाहर निकाल लिया गया। बच्चे को बाहर निकालने के तुरंत बाद एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन दुखद खबर यह रही कि मासूम भोमाराम जीवन की जंग हार चुका था। मासूम की मौत की खबर से परिवार सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।

जानकारी के अनुसार भोमाराम गुरुवार दोपहर करीब 12.35 बजे बोरवेल में गिर गया था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और मासूम को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया था।

- **नौ वर्षीय मासूम भोमाराम को लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शनिवार को बाहर निकाल लिया**
- **रेस्क्यू अभियान के दौरान बोरवेल में करीब 610 फीट की गहराई पर पत्थर का अवरोध सामने आया था**
- **फलोदी के लोहावट क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौसर स्थित पूनिया की ढाणी में नौ वर्षीय मासूम बोरवेल में गिर गया था**

बच्चे को बचाने के लिए लगातार प्रयास किए गए, लेकिन बोरवेल के अंदर मौजूद पत्थरों और अन्य बाधाओं के कारण अभियान में काफी मुश्किलें आईं। रेस्क्यू अभियान के दौरान बोरवेल में करीब 610 फीट की गहराई पर पत्थर का अवरोध सामने आया। वहीं, बच्चे के ऊपर पानी गिरने की जानकारी ने बचाव दल की चिंता बढ़ा दी। पत्थर के कारण कैमरे को नीचे तक पहुंचाने और बच्चे की स्थिति का स्पष्ट पता लगाने में भी परेशानी हुई। ऑक्सीजन पहुंचाने के प्रयासों में भी बाधाएं आईं। बचाव दल ने बच्चे तक पहुंचने के लिए कई तरीके अपनाए, लेकिन शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिली। इसके बाद देसी जुगाड़ के माध्यम से मासूम को बाहर निकालने की रणनीति बनाई गई।

लगातार प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर मादाराम सुथार की टीम देसी जुगाड़ लेकर मौके पर पहुंची। टीम ने बोरवेल की स्थिति का आंकलन करते हुए लोहे के सरियों की मदद से विशेष उपकरण तैयार किया और उसके जरिए बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी देर तक चले संघर्ष और लगातार मेहनत के बाद आखिरकार बचाव दल को सफलता मिली और मासूम भोमाराम को बोरवेल से बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद उसे तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। उसकी मौत हो चुकी थी। बच्चे की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। कई घरों में दुल्हे तक नहीं जले।

ट्रेन से गिरने से दो युवकों की मौत, मौके पर तीन मोबाइल मिले

जोधपुर, (कासं)। मेड़ता से जोधपुर की तरफ आ रही एक ट्रेन से दो युवक गिर गए। हादसे में दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार की है। शुनिवार सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतकों के पास में तीन मोबाइल भी मिले हैं, जिनकी पुलिस अब जांच कर रही है। वे ट्रेन से गिरे अथवा अन्य कोई कारण रहा, फिलहाल पुलिस की गहनता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया ट्रेन से गिरना बताया गया है। दोनों मृतक ओसियां के रहने वाले थे।

बनाड़ थानाधिकारी सुरेश सारण ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सवा आठ बजे के आसपास पुलिस को सूचना मिली कि कुतड़ी बनाड़ रेलवे फाटक के पास ट्रेक के नजदीक दो युवकों के शव पड़े हैं। इस पर पुलिस वहां मय जाब्ते के पहुंची। बाद में उनके कपड़ों आदि की तलाशी ली गई।

पुलिस ने उनके फोटो भी सोशल मीडिया पर डाले। इस पर उनकी पहचान ओसियां के हाणिया निवासी 18 साल के भूपेंद्र पुत्र खेमाराम और ओसियां जाटीपुरा निवासी जितेंद्र पुत्र राणाराम मेघवाल के रूप में हुई। थानाधिकारी सुरेश सारण के अनुसार पास में तीन मोबाइल फोन मिले थे, साथ ही उनके ट्रेन से गिरने का प्रथम दृष्टया पता लगा है। ट्रेन संख्या 14804 है, जोकि मेड़ता से जोधपुर की तरफ आ रही थी। मृतक जितेंद्र के पिता राणाराम की तरफ से फिलहाल मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। अग्रिम अनुसंधान जारी है। शवों का आज पोस्टमार्टम करवाया गया है।

एएसआई सहित अन्य पर अपहरण का आरोप

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पूर्व के माता का थान पुलिस थाने के एएसआई सहित तीन-चार अन्य पर अपहरण किए जाने का आरोप लगा है। पीड़ित से उसकी गाड़ी छीनने और ले जाने

- **पीड़ित से गाड़ी छीनने और ले जाने की बात सामने आई**

की बात सामने आई है। गाड़ी और पैसों के लेनदेन का आरोप लगा है। दूसरी पार्टी नागौर की है और स्थानीय पुलिसकर्मी को साथ लेकर यह वारदात की गई। मामले में जांच थानाधिकारी अनिल यादव की तरफ से की जा रही है।

माता का थान पुलिस के अनुसार पीपाड़ शहर के कोसाना बंदिया बेरा मालियों की ढाणी निवासी विकास माली पुत्र चौलाराम ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार वह 27 सितंबर को अपनी गाड़ी लेकर जोधपुर आया था। तब नागौर जिले के कुचेरा मूंडवा निवासी रामकिशोर, नरेंद्र गहलोत जोधपुर आए। यह लोग स्थानीय माता का थान पुलिस थाने के एएसआई के साथ मिलकर उसका अपहरण किया। पुलिस की आरंभिक पड़ताल में सामने आया कि गाड़ी उसका मालिक ही लेकर गया है। गाड़ी का ऑक्शन हो रखा है, लेन देन बाकी था। पीड़ित ने एएसआई सहित अन्य को नामजद कर अपहरण में रिपोर्ट दी है।

प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत गोविंद गुरु विश्वविद्यालय के कुलगुरु बने

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर के पूर्व कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत को गोविंद गुरु जनजातीय वि.वि., बांसवाड़ा का कुलगुरु नियुक्त किया है। राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने इस संबंध में 17 अक्टूबर को नियुक्ति आदेश जारी किया। प्रो. सारंगदेवोत की नियुक्ति को जनजातीय अंचल में उच्च शिक्षा के विस्तार और वि.वि. की शैक्षणिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया कि प्रो. सारंगदेवोत का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक रहेगा। इनमें से जो भी अवधि पहले पूरी होगी, उसी के अनुसार कार्यकाल निर्धारित होगा। यह नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी की ओर से सतर्कता संबंधी अनापत्ति प्रस्तुत किए जाने के अधीन रहेगी। प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर में कुलपति के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभव

प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत

को देखते हुए अब उन्हें बांसवाडा स्थित गोविंद गुरु जनजातीय वि.वि. की जिम्मेदारी सौंपी है।

कुलगुरु के रूप में उनके सामने वि.वि. की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां रहेंगी। गोविंद गुरु जनजातीय वि.वि. दक्षिण राजस्थान के जनजातीय अंचल में

- **राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने नियुक्ति आदेश जारी किया**
- **तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक जिम्मेदारी संभालेंगे सारंगदेवोत**

उच्च शिक्षा के प्रसार की दृष्टि से महत्वपूर्ण संस्थान है। ऐसे में वि.वि. के समक्ष गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, शोध एवं नवाचार को बढावा देने और ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा तक पहुंच बेहतर बनाने जैसी प्राथमिकताएं हैं। नई नियुक्ति के साथ वि.वि. के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को गति देने की अपेक्षा रहेगी। साथ ही विद्यार्थियों के हितों, अकादमिक गुणवत्ता और क्षेत्र की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को आगे बढ़ाना भी नए कुलगुरु के लिए अहम रहेगा।

युवक की हत्या का फरार मुल्जिम गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पूर्व में मथानिया थाना क्षेत्र के बालरवा गांव में बस स्टैंड के पास नौ अक्टूबर को युवक की धारदार हथियार से हत्या के प्रकरण में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण में दो लोगों को नामजद किया गया था, जिसका एक मुल्जिम अब पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। घटना के संबंध में मृतक के पिता मंगलाराम ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

मथानिया थाने के एसआई प्यारेलाल ने बताया कि बालरवा निवासी रुपाराम कृषि कार्य करता था। वह 9 अक्टूबर को घर आया हुआ था। शाम करीब साढ़े छह से सात बजे के बीच वह बालरवा बस स्टैंड गया था। आरोप है कि वहां प्रेमाराम निवासी बालरवा और ओमाराम निवासी 18 मील, बावरियों की ढाणी सहित अन्य लोगों ने रुपाराम पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में रुपाराम की मौके पर ही मौत हो गई। बाद शव अस्पताल पहुंचाया गया।

साइबर ठगों ने दो लोगों के बैंक एकाउंट से 4.92 लाख की राशि पार की

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट के दो पुलिस थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के प्रकरण दर्ज हुए हैं। जीरो नंबर एफआईआर पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किए हैं। एक में पीड़ित को ऑनचालान ई-चालान का लिंक भेजा गया, दूसरे में यूपीआई के मार्फत रकम निकाली गई।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि सीताराम नगर शोभावतों की ढाणी निवासी सोनराज पुत्र जीवराज प्रतापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 14 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर ई-चालान का लिंक आया

- **ई-चालान का लिंक भेजकर 1.87 लाख और यूपीआई के जरिए 3.05 लाख पार किये**

था, जिसे क्लिक किए जाने पर उसके बैंक खाते से 1.87 लाख रूपए अलग-अलग किश्तों में निकाल लिए गए। रुपए निकलने के बाद पता चला कि यह किसी साइबर ठग की करतूत थी। लिंक किसी साइबर ठग ने भेजा था। घटना को लेकर उसकी तरफ से साइबर पोर्टल पर भी शिकायत दी गई। अब चौहाबो पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। ठग के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

वहीं सेक्टर 18 सीएचबी की रहने वाली तोषी पत्नी हिमांशु माथुर की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि 14 अक्टूबर को किसी शातिर ने उसके बैंक खाते से यूपीआई के जरिए 3 लाख 5 हजार रूपए निकाल लिए। इसका पता मोबाइल पर आए संदेश से चला। बाद में उनके द्वारा साइबर पोर्टल पर भी शिकायत दी गई।

जैसलमेर में दो बाइकों की भिड़ंत, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

जैसलमेर, (निसं)। शहर के किशनघाट रोड इलाके में शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 24 वर्षीय प्रेम कुमार की मौत हो गई, जबकि 22 वर्षीय गणपत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रेम कुमार अपनी बाइक से किशनघाट की ओर से गफूर भट्टा की तरफ जा रहा था,

- **ओवरटेक करने की जल्दबाजी में किशनघाट रोड पर हुआ हादसा, घायल जोधपुर रेफर**

जबकि गणपत शहर से किशनघाट की ओर जा रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक सवार आगे चल रहे वाहनों को ओवरटेक करने की कोशिश में आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि प्रेम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद राहगीरों ने दोनों घायलों को जवाहिर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्रेम कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि गणपत की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया। मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। शहर कोतवाल प्रेमाराम विश्नोई ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बाइक सवारों के ओवरटेक करने की जल्दबाजी के दौरान दुर्घटना हुई। फिलहाल परिजनों की ओर से मामला दर्ज नहीं करवाया गया है। पुलिस आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के साथ हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

'महिलाएं डिजिटल तकनीक अपनाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं'

अमृता हाट में डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम

जयपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय महिला अधिकारिता की ओर से जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में चल रहे राज्य स्तरीय अमृता हाट में भाग ले रही स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यिमयों के लिए शनिवार को रंगायन सभागार में एक विशेष डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं

- **उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने अमृता हाट की महिला उद्यिमयों को दिया डिजिटल मंत्र - डिजिटल ज्ञान से बनेगी आर्थिक उड़ान**

बाल विकास मंत्री, राजस्थान सरकार, दिया कुमारी जी ने शिरकत की। उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को डिजिटल तकनीक अपनाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार में वित्तीय साक्षरता आवश्यक है, अत: महिलाओं को वित्तीय रूप से साक्षर होना भी बहुत जरूरी है। आज के समय में केवल उत्पाद बनाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे सही बाजार तक पहुंचाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि पिछली बार राज्य स्तरीय अमृता हाट की विजिट के दौरान जब मुझे पता चला कि एसएचजी की महिलाएं अपने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री बहुत कम करती हैं।

इसी को ध्यान में रखकर हमने महिला अधिकारिता निदेशालय के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग के लिए यह वर्कशॉप आयोजित की है।

यह एक बहुत अच्छा माध्यम है। आप लोगों का ऑनलाइन या डिजिटल मार्केटिंग करना बहुत जरूरी है, वित्तीय साक्षरता जरूरी है। यह नॉलेज बहुत उपयोगी है और लोगों के बिजनेस को आगे बढ़ाने का यह आज बहुत आसान और अधिकतम लोगों तक पहुंचने वाला माध्यम है।

उन्होंने महिला उद्यिमयों की सराहना करते हुए कहा कि अब आप महिलाएं नौकरी मांगती नहीं बल्कि कई अन्य महिलाओं को नौकरी देती हो। यह महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिए गए मंत्र वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल के अनुसार कार्य करना है, ताकि समूचे विश्व में आपके उत्पादों की मांग बढ़े और आपका व्यापार बढ़े। इसी से आप उद्यमशील महिलाओं को ग्लोबल बाजार उपलब्ध हो सकता है। राजस्थान की कला, हस्तशिल्प और आपके द्वारा बनाए गए उत्पाद बेजोड़ हैं,बहुत शानदार हैं, जरूरत है उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए दुनिया तक पहुंचाने की।

उप मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राज्य में राज्य स्तर और जिला स्तर पर जो भी प्रदर्शनियां आयोजित होंगी, उनमें इस प्रकार की डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण वर्कशॉप और वित्तीय साक्षरता की प्रशिक्षण कार्यशाला अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि इन महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पाद को डिजिटल बाजार की उपयोगिता समझ में आ सके और ये अपने उत्पादों को ज्यादा बेच सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, बैंकों और ई-कॉमर्स कंपनियों से भी आव्हान किया कि वे इन महिलाओं का उत्साहवर्धन करें और उनके व्यापार को आगे बढ़ाने में उनकी मदद करें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप बिजनेस के उपयोग, उत्पादों की ऑनलाइन ब्रांडिंग, आकर्षक फोटो-वीडियो बनाना, डिजिटल प्रचार-प्रसार, ऑनलाइन पेमेंट, पैकेजिंग तथा ऑनलाइन ग्राहकों तक पहुँचने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाकर उनके आर्थिक सशक्तीकरण, स्वरोजगार एवं उद्यिमता को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री, राजस्थान सरकार, दिया कुमारी जी ने शिरकत की।

सेवानिवृत्त एडीजी को डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। सेवानिवृत्त एडीजी को डिजिटल अरेस्ट कर 2 करोड़ 12 लाख 10 हजार रुपए की साइबर ठगी के मामले में जयपुर के सेंट्रल साइबर पुलिस थाने ने एक और आरोपी को महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया है। आरोपी रविंद्र जितेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ अक्षय सिंह उर्फ देवा पेशे से जिम ट्रेनर है। पुलिस उसे ट्रांजिट वारंट पर जयपुर लेकर आई है। इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह के अनुसार जयपुर निवासी सेवानिवृत्त एडीजी (जीएसआई) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 9 से 18 अगस्त 2026 के बीच आरोपियों ने फोन और व्हाट्सएप कॉल के जरिए खुद को पुलिस और अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताया। आरोपियों ने परिवादी को मनी लॉन्ड्रिंग और गंभीर

आरोपी रविंद्र जितेंद्र प्रसाद सिंह

आपराधिक मामलों में फंसाने तथा गिरफ्तारी वारंट जारी होने का भय दिखाया। उन्हें लगातार वीडियो कॉल पर रहने, किसी से संपर्क नहीं करने और अपनी लाइव लोकेशन चालू रखने के लिए मजबूर किया गया।डर और दबाव में आकर परिवादी ने 13 अगस्त को आईसीआईसीआई बैंक के खाते में 2 करोड़ 2 लाख रुपए और 18 अगस्त

- **अब तक सात आरोपी गिरफ्तार**
- **टेलीग्राम चैनल के जरिए गिरोह से जुड़ा था आरोपी**

को यस बैंक के खाते में 10 लाख 10 हजार रुपए आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर कर दिए। इस तरह कुल 2 करोड़ 12 लाख 10 हजार रुपए की ठगी की गई।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, व्हाट्सऐप चैट और बैंक खातों के विवरण का विश्लेषण कर आरोपी की पहचान की। जांच में सामने आया कि रविंद्र टेलीग्राम पर संचालित 'बीआरओ पे चैनल' के माध्यम से साइबर अपराधियों के संपर्क में आया था।

हाईकोर्ट ने एसोसिएट प्रोफेसर के पदस्थापन को लेकर आदेश दिए

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने दौसा जिले में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर के तबादला आदेश पर अधिकरण की रोक के बावजूद उसका तबादला दूसरी जगह करने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने तबादला आदेश को रद्द करते हुए उसे पूर्व की जगह कार्य करने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश मीणा की याचिका पर दिए। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि पदस्थापन को लेकर दिए आदेश की पालना नहीं की गई तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता दौसा के राजकीय कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत है। गत दस जुलाई को उसका तबादला टोंक की देवली की कॉलेज में कर दिया। जिसे याचिकाकर्ता ने अपना रिटायरमेंट नजदीक होने के आधार पर चुनौती दी थी। जिस पर अधिकरण ने सुनवाई करते हुए तबादला आदेश को स्टे कर दिया और राज्य सरकार को छूट दी की नियमानुसार उसका जिले के भीतर तबादला किया जा सकता है। याचिका में कहा गया कि कॉलेज शिक्षा विभाग ने अधिकरण के आदेश के बाद उसे दौसा में कार्यग्रहण नहीं कराया और 7 अक्टूबर को उसका तबादला बांदीकुई कर दिया।

दुपहिया वाहन चुराने वाले दो वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। शिप्रापथ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की जरूरत तथा पैसों के लिए वाहन चोरी करते थे। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले शेर सिंह (26) निवासी मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर और कमलजीत उर्फ कमल (33) निवासी रामड़ी जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर परिवादी की चोरी हुई मोटरसाइकिल के अलावा थाना क्षेत्र के अन्य मामलों से जुड़ी दो और मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस को पूछताछ में वाहन चोरी की अन्य वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

एक सौ नवीन कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का होगा

जयपुर । महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में राजस्थान सरकार एक और महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। प्रदेश की महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा रविवार को प्रात: 11 बजे कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में 100 नवीन कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का शुभारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम राज्य सरकार की वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में की गई घोषणा की क्रियान्विति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस पहल से महिला सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बढ़ाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करने के प्रयासों को नई गति मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और यूथ महिला

- **कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और यूथ महिला सीएलजी सदस्यों से सीधा संवाद भी करेंगे।**

सीएलजी सदस्यों से सीधा संवाद भी करेंगे। इस संवाद के माध्यम से महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों, मैदानी स्तर पर कार्य करने के अनुभवों तथा सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के विषयों पर चर्चा होगी।

कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधि मंत्री जोगाराम पटेल, महापौर सुनील कोठारी, सांसद मंजू शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत तथा पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

महा अष्टमी-नवमी की पूजा 19 अक्टूबर को: 20 को मनेगा विजयादशमी पर्व

जयपुर। शारदीय नवरात्र में इस बार महा अष्टमी और महानवमी की पूजा 19 अक्टूबर को एक ही दिन होगी। अष्टमी तिथि सुबह 10:51 बजे तक रहेगी, इसके बाद नवमी तिथि शुरू होगी। तिथियों के इस संयोग के चलते श्रद्धालु एक ही दिन मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की आराधना करेंगे। इसी दिन कन्या पूजन, हवन और नवरात्र के अनुष्ठानों की पूर्णाहुति होगी।



त्यौहारी सीजन मे वन-वे करने के विरोध में शुभाष चौक से बड़ी चोपड़ तक के व्यापारी वर्ग ने अपनी दुकानें बंद रैली निकाली।

उप मुख्यमंत्री ने शिशु संजीवनी का शुभारंभ किया

जयपुर । उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को विद्याधर नगर की आंगनबाड़ी में कन्या पूजन कर कन्याओं को हलवा खिलाया और उन्हें उपहार भेंट किये। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन भी किया तथा शिशु संजीवनी पोषण आहार का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि विटामिन एवं खनिजों से समृद्ध पोषण से भरपूर यह पूरक आहार शिशु संजीवनी 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में दो बार दिया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि नंद घर वेदांता के सहयोग से बच्चों को यह पूरक आहार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक सशक्त राजस्थान की नींव स्वस्थ बच्चों और सशक्त बेटियों से ही रखी जा सकती है।

राज्य सरकार चाहती है कि छोटे बच्चों की सामयिक वृद्धि, समुचित विकास और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जाए। बाल पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल को बेहतर बनाने के लिए नंद घर की ओर से भी प्रयास किये जा रहे हैं।

निगम आयुक्त ने आदर्श नगर श्मशान भूमि से 16 सप्ताह में अतिक्रमण हटाने का दिया आश्वासन

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के आदर्श नगर स्थित श्मशान भूमि पर अतिक्रमण के मामले में दायर अवमानना याचिका को निगम आयुक्त ओम कसेरा के आश्वासन के बाद निस्तारित कर दिया है। अदालत ने कहा है कि यदि निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होती है तो याचिकाकर्ता इस याचिका को पुनर्जीवित करा सकता है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश हुकुम सिंह की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान निगम आयुक्त ने अदालत में पेश होकर कहा कि गत 13 अक्टूबर को संबंधित जमीन पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहीं कुछ अतिक्रमियों ने अपना जवाब भी पेश किया है। इन जवाबों का परीक्षण का बाद निस्तारण किया जाएगा और 16 सप्ताह में कार्रवाई पूरी की जाएगी। निगम आयुक्त के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए खंडपीठ ने अवमानना याचिका का निस्तारण कर दिया है।

अवमानना याचिका में अधिवक्ता अखिल सिमलोट ने बताया की हाईकोर्ट ने 15 नवंबर, 2021 नगर निगम, हेरिटेज को आदेश दिए थे कि वह अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले अतिक्रमणों पर उचित कार्रवाई करे। इसके बावजूद भी मौके से अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। पूर्व में सुनवाई के दौरान निगम की ओर से प्रारंभिक आपत्ति उठाते कहा गया कि अब हेरिटेज निगम का अस्तित्व नहीं है और नई संस्था को पक्षकार नहीं बनाया गया है। ऐसे में अवमानना याचिका पर सुनवाई नहीं की जाए। इसके साथ ही मौके पर वन भूमि होने का हवाला देते हुए भी कार्रवाई से बचने की कोशिश की गई। वहीं बाद में वन विभाग के जवाब से जानकारी मिली की श्मशान भूमि को निगम को हैंडओवर किया जा चुका है और उसकी देखरेख और अतिक्रमण सहित अन्य कार्रवाई करने के लिए निगम ही अधिकृत है।

'कार्यक्रमों के लिए सरकारी भूमि देने के लिए एसओपी बनाए आवासन मंडल'

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने आवासन मंडल को कहा है कि सार्वजनिक भूमि को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के उपयोग में देने के लिए एसओपी तैयार करे। अदालत ने कहा कि एसओपी बनने से भविष्य में विवाद और मुकदमेबाजी से बचा जा सकेगा। वहीं अदालत ने कहा है कि संबंधित भूमि को 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक गतिविधियां संचालित करने के लिए बजरंग सेवा समिति को दे और 20 अक्टूबर को रावण दहन कार्यक्रम के लिए सेक्टर 8 प्रताप नगर व्यापार मंडल समिति को दे। जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने यह आदेश सेक्टर 9 प्रताप नगर व्यापार मंडल समिति की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता अभिषेक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता समिति बीते करीब 13 साल से स्थानीय सार्वजनिक मैदान पर दशहरा कार्यक्रम आयोजित करती आई है। इसके लिए उन्हें एक-दो दिन के लिए निर्धारित शुल्क लेकर यह भूमि उपलब्ध कराई

- **अदालत ने कहा कि एसओपी बनने से भविष्य में विवाद और मुकदमेबाजी से बचा जा सकेगा**

जाती है। इस बार उन्हें सुनवाई का मौका दिए बिना 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक व्यावसायिक और धार्मिक गतिविधियों के लिए बजरंग सेवा समिति को भूमि उपयोग की अनुमति दी गई है। याचिका में कहा गया कि समिति का उद्देश्य जनहित में यह त्यौहार आयोजन का रहता है और इसे लेकर आज तक आवासन मंडल के पास भी किसी ने शिकायत नहीं दी है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से भूमि को 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक बजरंग सेवा समिति व 20 अक्टूबर को समिति को उपयोग लेने की अनुमति देते हुए आवासन मंडल को भविष्य के लिए एसओपी बनाने को कहा है।

पांच पंचायत समितियों में संवीक्षा के बाद 273 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध

जयपुर । पंचायती राज आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों में पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद 273 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि द्वितीय चरण में शामिल पांच पंचायत समितियों के कुल 81 वार्डों के लिए 13 से 16 अक्टूबर तक 347 अभ्यर्थियों ने कुल 371 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। संवीक्षा के बाद 93 नामांकन पत्र अस्वीकृत किए गए तथा 5 नामांकन पत्र डिस्कार्ड किए गए। इसके बाद वैध नामांकन पत्रों और वैध अभ्यर्थियों की संख्या 273-273 रही।

उन्होंने बताया कि अमरसर के 15 वार्डों के लिए प्राप्त 80 नामांकन पत्रों में से 22 अस्वीकृत और 2 डिस्कार्ड किए गए। संवीक्षा के बाद 56 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। आमेर के 21 वार्डों के लिए प्राप्त 97 नामांकन पत्रों में से 23 अस्वीकृत किए गए।

जेल में मोबाइल और तंबाकू का पैकेट फेंकने वाला गिरफ्तार

जयपुर। लाल कोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर सेंट्रल जेल के वार्ड नंबर 10 में शनिवार दोपहर मोबाइल और तंबाकू का पैकेट फेंकने का मामला सामने आया। जेल की निगरानी में तैनात सिविल ड्रेस के प्रहरियों ने घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। जेल प्रशासन ने आरोपी को लाल कोठी थाना पुलिस के हवाले कर शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर करीब एक बजे जेल प्रहरी जसवंत, निरंजन और राजेन्द्र जेल की पिछली सीमा के पास कसाई मोहल्ले में निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो युवकों ने जेल के वार्ड नंबर 10 की दीवार के ऊपर से मोबाइल और तंबाकू का पैकेट फेंक दिया। निषिद्ध सामग्री फेंकते देखकर प्रहरियों ने दोनों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की।प्रहरियों ने बाइक चला रहे शादाब पुत्र अयाज अहमद को पकड़ लिया, जबकि पीछे बैठा उसका साथी सोहेल उर्फ कालू पुत्र मोहम्मद शकील खान मौके से भाग निकला। प्रहरियों ने पकड़े गए आरोपी, बाइक और फेंके गए संदिग्ध पैकेट को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने जेल प्रशासन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है, वहीं फरार साथी की तलाश जारी है।

नामांकन पत्र मामले में याचिका खारिज

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने शनिवार को मौजमाबाद पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 22 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में याचिकाकर्ता का नामांकन पत्र अस्वीकार करने वाले रिटर्निंग अधिकारी के आदेश को सही करार दिया है। जस्टिस रवि चिरानिया की विशेष बेंच ने यह आदेश जीतू देवी की याचिका को खारिज करते हुए दिए।

याचिका में रिटर्निंग अधिकारी के 15 अक्टूबर 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें एक से ज्यादा प्रस्तावक होने के आधार पर याचिकाकर्ता का नामांकन पत्र अस्वीकार कर दिया था। याचिकाकर्ता ने अदालत में याचिका दायर कर नामांकन पत्र अस्वीकार करने वाले आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया था। जिसके जवाब में एएजी कपिल प्रकाश माथुर ने कहा कि पंचायती राज चुनाव नियम, 1996 की धारा 58 जी के तहत प्रावधान है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के बयान के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर पुतले फूंके

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के कथित विवादित बयान के विरोध में शनिवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किए गए। जयपुर सहित राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटियों, अग्रिम

- **कांग्रेस ने इसे देश के वीर सैनिकों, शहीदों और आतंकवाद के कारण अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों का अपमान बताया**

संगठनों तथा विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंका और बयान के प्रति नाराजगी जताई।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बयान पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है। इसके कारण देश के अनेक निर्दोष नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। ऐसे संवेदनशील विषय पर दिया गया बयान देश के सैनिकों, शहीदों और आतंकवाद से प्रभावित परिवारों की भावनाओं को आहत करने वाला है।

चतुर्वेदी ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 भारतीय जवानों और पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी लंबे समय से देश में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का बयान पाकिस्तान के पक्ष में खड़े होने जैसा है। कांग्रेस ने इसे देश के वीर सैनिकों, शहीदों और आतंकवाद के कारण अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों का अपमान बताया। कांग्रेस के आव्हान पर आयोजित प्रदर्शनों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतले फूंके। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सैनिकों का बलिदान और शहीदों का सम्मान देश की अस्मिता से जुड़ा विषय है। पार्टी ने बयान पर विरोध जताते हुए प्रदेशभर में प्रदर्शन के माध्यम से अपना रोष दर्ज कराया।

कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंका और बयान के प्रति नाराजगी जताई।

जयपुर में बेकरी शॉर्टनिंग के 2699 किलो उत्पाद सीज

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन तथा प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ के निर्देशन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत कार्रवाई लगातार जारी है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के मार्गदर्शन एवं संयुक्त आयुक्त वी.पी. शर्मा के पर्यवेक्षण में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने जयपुर के झोटवाड़ा स्थित एम/एस एसके एंटरप्राइजेज के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट पर कार्रवाई की।

निरीक्षण के दौरान 'बेकरी शॉर्टनिंग' के नाम पर चंचल, नेहा गोल्ड और जय गोल्ड सहित विभिन्न ब्रांडों के तहत उत्पाद का निर्माण एवं बिक्री किए जाने का मामला सामने आया। विभाग ने उत्पाद की प्रकृति, लेबलिंग और खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर जांच शुरू की है।

खाद्य सुरक्षा दल ने नमूने लेने की कार्रवाई के साथ बाजार में बिक्री के लिए तैयार 2,699.2 किलोग्राम बेकरी शॉर्टनिंग को सीज किया। विभाग की सतर्कता से त्योहारी सीजन में इस

- **झोटवाड़ा के एसके एंटरप्राइजेज के प्लांट पर कार्रवाई**
- **'बेकरी शॉर्टनिंग' के नाम पर विभिन्न ब्रांडों के तहत उत्पाद का निर्माण एवं बिक्री किए जाने का मामला**

उत्पाद की बिक्री पर जांच पूरी होने तक रोक लगाई गई है। उत्पाद की गुणवत्ता और नियमानुसार लेबलिंग से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों के नाम या लेबल की आड़ में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि जांच के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर रोक लगाने के लिए अभियान के तहत निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी।

सार-समाचार

भक्तिमय हुआ दीनदयाल उद्यान

अजमेर । गीतांजलि कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी, अजमेर के तत्वावधान में 41वें श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। महोत्सव वैशाली नगर स्थित जनता कॉलोनी में भोलेश्वर महादेव मंदिर के पास दीनदयाल उद्यान में आयोजित हो रहा है। शनिवार को महासप्तमी के अवसर पर पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। समिति के कोषाध्यक्ष एवं प्रवक्ता पी.के. दास ने बताया कि महासप्तमी पर कोलकाता से आए पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। सुबह समिति अध्यक्ष देबब्रत दत्ता और उनकी पत्नी को संकल्प दिलाया गया। इसके बाद नवपत्रिका प्रवेश एवं स्थापना पूजा की गई। फल बलिदान, पुष्पांजलि, आरती और भोग अर्पण के साथ मां दुर्गा की पूजा संपन्न हुई। दिन में विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समिति सचिव चिन्मय देबनाथ की देखरेख में सैकड़ों श्रद्धालुओं को माता का भोग-प्रसाद वितरित किया गया। शाम को मां दुर्गा की भव्य संध्या आरती हुई। इस दौरान समाज के युवक-युवतियों और महिला-पुरुषों ने माता के समक्ष पारंपरिक धुनुची नृत्य प्रस्तुत किया। भक्ति और परंपरा से जुड़ी इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। पूजा प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ प्रियांशी दास ने माता के आ ान स्वरूप आगोमोनी नृत्य से किया।

मदन राठौड़ के बयान पर कांग्रेस का अजमेर में विरोध

अजमेर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के पाकिस्तान को लेकर दिए गए बयान पर प्रदेश की राजनीति में विवाद बढता जा रहा है। कांग्रेस लगातार उनके बयान का विरोध कर रही है। इसी कडी में अजमेर और सीकर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मदन राठौड का पुतला फूंका और उनके बयान के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान नारेबाजी कर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। मदन राठौड़ के बयान को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए उनके इस्तीफे की मांग उठाई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे नेताओं को अपने बयानों के प्रति जिम्मेदारी बरतनी चाहिए। बयान को लेकर लगातार बढ़ रहे विरोध के बीच कांग्रेस ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाते हुए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन किए। अजमेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मदन राठौड़ के बयान के विरोध में पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से इस्तीफा देने की मांग की। प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह इस बयान को लेकर अपना विरोध जारी रखेगी।

एयरटेल ऑफिस की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

अजमेर। अजमेर के केंद्रीय बस स्टैंड के सामने स्थित एयरटेल कार्यालय में कथित अव्यवस्था और लापरवाही से उपभोक्ता परेशान हैं। आरोप है कि वाई-फाई कनेक्शन के लिए भुगतान जमा कराने के बावजूद कई लोगों को 15 से 20 दिनों बाद भी सेवा शुरू नहीं हुई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें रोजाना कार्यालय के चक्कर लगाने पड रहे हैं, लेकिन हर बार "आज-कल हो जाएगा" कहकर वापस लौटा दिया जाता है। रोहिताश कुमार रोहिल्ला सहित कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे पिछले दो से तीन सप्ताह से लगातार कार्यालय पहुंच रहे हैं। एक दिन में भी कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। उनका कहना है कि भुगतान पहले ही जमा कर दिया गया है, लेकिन अब तक वाई-फाई कनेक्शन चालू नहीं किया गया, जिससे उन्हें कामकाज में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उपभोक्ताओं ने कार्यालय के प्रबंधन पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कार्यालय मेंव्यवस्थाएंसुचारू नहीं हैं और कर्मचारियों की ओर से उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। इतना ही नहीं, कार्यालय में मौजूद जिम्मेदार अधिकारी भी उपभोक्ताओं से मिलने और उनकी शिकायत सुनने से इनकार कर देते हैं। कार्यालय में पहुंचे कई अन्य उपभोक्ताओं ने भी इसी तरह की शिकायतें सामने रखीं। उनका कहना है कि यह समस्या किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजाना कई लोग वाई-फाई कनेक्शन और अन्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतों को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं और बिना समाधान के लौट जाते हैं।

शरद पूर्णिमा पर कल्याण महाराज की भक्ति में रंगेगा राजगढ़

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ में प्राचीन कल्याण धणी मंदिर पर शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 26 और 27 अक्टूबर को दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस दौरान भजन संध्या, खीर प्रसाद वितरण और कल्याण महाराज की भव्य शोभायात्रा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर के मुख्य महंत भानु पाराशर और नरेश पाराशर ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें भजनों के माध्यम से कल्याण महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। भजन संध्या के पश्चात शरद पूर्णिमा की परंपरा के अनुसार चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। मेले का शुभारंभ कल्याण महाराज की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा मंदिर परिसर से रवाना होकर राजगढ़ के सदर बाजार से गुजरते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा के दौरान धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण देखने को मिलेगा। शरद पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला यह वार्षिक मेला क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं और आस्था का महत्वपूर्ण आयोजन है। दो दिवसीय मेले में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर कल्याण महाराज के दर्शन करेंगे और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सवी माहौल रहने की उम्मीद है।

देवमाली गांव जहां घरों पर नहीं लगते ताले, पूरी जमीन भगवान देवनारायण के नाम

मसूदा। भारत की आत्मा उसके गांवों में बसती है। यह बात राजस्थान के ब्यावर जिले की मसूदा तहसील में अरावली पर्वतमाला की गोद में बसे देवमाली गांव में साकार होती दिखाई देती है। अपनी प्राचीन परंपराओं, धार्मिक आस्था, सामाजिक विश्वास और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पहचान रखने वाला यह गांव भारतीय ग्रामीण संस्कृति की अनूठी तस्वीर प्रस्तुत करता है। यहां आज भी परंपराएं लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और आधुनिकता के बीच अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेज कर रखा गया है। देवमाली गांव की ओर बढ़ते ही अरावली की पहाड़ियों के बीच बसा शांत और सुंदर वातावरण लोगों को आकर्षित करता है। पारंपरिक कच्ची छत वाले घर, स्वच्छ गलियां, मिट्टी की सौंधी महक और सहज ग्रामीण जीवन यहां की विशेष पहचान हैं। आधुनिक सुविधाओं के बढ़ते प्रभाव के बावजूद गांव के लोगों ने अपनी पुरानी जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है। देवमाली लोकदेवता भगवान देवनारायण से जुड़ी लोक आस्था का प्रमुख केंद्र है। गुर्जर समाज सहित विभिन्न समुदायों के श्रद्धालुओं की इस स्थान के प्रति गहरी आस्था है।

कर्नाटक के जेल अधिकारियों ने अजमेर की जेलों का भ्रमण किया

■ उच्च सुरक्षा जेल, केंद्रीय कारागृह और जेल प्रशिक्षण संस्थान की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अजमेर। कर्नाटक जेल विभाग के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अजमेर स्थित उच्च सुरक्षा जेल, केंद्रीय कारागृह एवं जेल प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कारागृह प्रशासन, सुरक्षा प्रबंधन, बंदियों की निगरानी और प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का अध्ययन कर राजस्थान में अपनाई जा रही उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों की जानकारी ली।

राजस्थान के महानिदेशक कारागार अशोक राठौड़ के निर्देशानुसार अजमेर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय कारागृह जयपुर के जेलर सूरज सोनी ने किया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. रंगनाथन, सहायक जेलर जगदीश के.बी., जेलर सागर पाटिल, उप अधीक्षक विजय कुमार और जेलर शोरोन सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

राजस्थानी परंपरा से किया स्वागत: उच्च सुरक्षा जेल पहुंचने पर जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने प्रतिनिधिमंडल का राजस्थानी साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान की एकमात्र उच्च सुरक्षा जेल की विशिष्ट व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधन, बंदियों की निगरानी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

कर्नाटक के अधिकारियों ने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले बंदियों के प्रबंधन, जेल की सुरक्षा चुनौतियों, अनुशासन बनाए रखने और विषम परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली कार्यप्रणालियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

केंद्रीय कारागृह और प्रशिक्षण संस्थान का किया अवलोकन: इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय कारागृह अजमेर का भ्रमण किया। यहां जेल अधीक्षक आर. अनन्तेश्वरन ने दैनिक प्रशासनिक व्यवस्था, बंदी प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी।

भ्रमण के अंतिम चरण में अधिकारी जेल प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे। संस्थान के प्राचार्य वैभव भारद्वाज ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्मिकों की क्षमता बढ़ाने तथा सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया।

भ्रमण के दौरान दोनों राज्यों की कारागृह व्यवस्थाओं, प्रशासनिक अनुभवों और नवाचारों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर एमडीआई अशोक कुमार शर्मा, वीरेंद्र भाटी, राजेश गौड़, देवेंद्र सिंह और सोमराज बिश्नोई सहित कारागृह विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मदन राठौड़ के बयान के विरोध में अजमेर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंका

■ डॉ. राजकुमार जयपाल ने बयान की कड़ी निंदा की, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रदेशभर में आंदोलन तेज करने की चेतावनी

अजमेर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के कथित विवादित बयान के विरोध में प्रदर्शन किया गया। ज्योतिबा फुले सर्किल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। इससे पहले मदन राठौड़ के पुतले की शवयात्रा निकाली गई। प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों, पार्षदों और विभिन्न अग्रिम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार जयपाल ने मदन राठौड के कथित बयान की कडी निंदा की। उन्होंने कहा कि राठौड का यह कथित बयान कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच होने पर वे पाकिस्तान के साथ खड़े हैं, बेहद आपत्तिजनक है। कांग्रेस पार्टी इस बयान का पुरजोर विरोध करती है और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से अपने बयान पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग करती है।

डॉ. जयपाल ने कहा कि सार्वजनिक पदों पर बैठे नेताओं को बयान देते समय अपनी जिम्मेदारी और देश की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए। राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर किसी भी नेता की टिप्पणी सोच-समझकर होनी चाहिए।

जवाब नहीं मिला तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी: डॉ. जयपाल ने कहा कि कांग्रेस जनहित और राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगी। यदि इस मामले में संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो पार्टी धरना-प्रदर्शन सहित आंदोलन को और तेज करेगी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कथित बयान के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस विरोध प्रदर्शन में डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी द्रौपदी कोली, विवेक पाराशर, गजेंद्र रलावता, मुकेश पवार, प्रवक्ता शैलेश गुप्ता, प्रताप यादव, प्रमोद शर्मा और ईश्वर टहलियानी सहित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।

दो साल से फरार 5 हजार का इनामी नकबजन जयपुर से गिरफ्तार

अजमेर। अजमेर में नकबजनी के मामले में पिछले दो साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी मोहम्मद शरीफ को रामगंज थाना पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान चोरी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी वारदात में मुख्य भूमिका में था और घटना के बाद से ही गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। रामगंज थाना प्रभारी हरिपाल सिंह ने बताया कि 15 सितंबर 2024 को फिरोज खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि 12 सितंबर की रात उसके घर में चोरी की वारदात हुई थी। चोर घर का सामान अस्त-व्यस्त कर सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान पहले दो आरोपियों हातीम और आनंद को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में मोहम्मद शरीफ की वारदात में संलिप्तता सामने आई।

जेएलएन अस्पताल में रोबोटिक तकनीक से किडनी कैंसर का जटिल ऑपरेशन सफल

■ डॉ. अनिल के. शर्मा के नेतृत्व में 56 वर्षीय मरीज की सर्जरी, 12 घंटे में चलने-फिरने लगा और दूसरे दिन मिली छुट्टी

अजमेर। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वरिष्ठ रोबोटिक एवं दूरबीन सर्जन डॉ. अनिल के. शर्मा के नेतृत्व में नागौर जिले के परबतसर निवासी 56 वर्षीय मरीज की बाईं किडनी के जटिल कैंसर का रोबोटिक तकनीक से सफल ऑपरेशन किया गया।

मरीज को पिछले कुछ समय से पेशाब में खून आने और पेशाब करने में कठिनाई की शिकायत थी। जांच के दौरान सोनोग्राफी में बाईं किडनी में गांठ का पता चला। इसके बाद सीटी स्कैन और अन्य जांचों के आधार पर ट्यूमर की पुष्टि कर सर्जरी का निर्णय लिया गया। अस्पताल में पहले भी किडनी कैंसर के ऑपरेशन दूरबीन पद्धति से किए जाते रहे हैं, लेकिन इस मामले की जटिलता को देखते हुए रोबोटिक तकनीक का उपयोग किया गया। ऑपरेशन के दौरान रक्त वाहिकाओं की असामान्य बनावट चुनौती रही, जिसे चिकित्सकीय टीम ने आधुनिक उपकरणों और बेहतर समन्वय से संभाला। सर्जरी में डॉ. अनिल के. शर्मा के साथ डॉ. रामप्रसाद और डॉ. अमित ने सहयोग किया। रेजिडेंट चिकित्सकों डॉ. नवीन, डॉ. प्रशांत, डॉ. दामिनी और डॉ. रवीना के साथ निश्चेतना विभाग तथा नर्सिंग और शल्य कक्ष के कर्मचारियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन के लगभग 12 घंटे बाद मरीज चलने-फिरने लगा और उसने खाना-पीना शुरू कर दिया। अगले ही दिन मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अनिल के. शर्मा ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी का विशेष लाभ जटिल मामलों में मिलता है, जहां शरीर की आंतरिक बनावट या रक्त वाहिकाओं की स्थिति के कारण ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने पेशाब में खून आने, बिना कारण वजन घटने, अत्यधिक थकान, पेशाब में रुकावट और कमर के एक तरफ लगातार दर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि करीब नौ-दस वर्ष पहले राजस्थान के किसी मेडिकल कॉलेज में दूरबीन पद्धित से किडनी कैंसर का पहला सफल ऑपरेशन भी डॉ. अनिल के. शर्मा ने जेएलएन अस्पताल में किया था। उस समय दाईं किडनी के कैंसर से पीड़ित एक वृद्ध का ऑपरेशन किया गया था, जो अब भी स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। वे इस बार भी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों का आभार जताया।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने डॉ. शर्मा और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में आधुनिक तकनीक और उन्नत शल्य उपकरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों में लाखों रुपये में होने वाली यह जटिल रोबोटिक सर्जरी जेएलएन अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के लिए सरकार की ओर से पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनूसूची संख्यांक 4
न्यायालय न्यायिक मजि. क्रम-18 सांगानेर स्थान प्रथम जयपुर
इन्द्रा स्याग व अन्य विरूद्ध प्रेम नवलानी वाद/प्रार्थना पत्र.....
प्रार्थना-पत्र संख्या 520/2026 सन्
नाम प्रेम नवलानी पुत्र भगवानदास जाति....
पता सोमलपुर रोड चन्द्रवरदाई नगर, अजमेर, राज.
उक्त .. ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .....
अतः अपाको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03 माह 12 सन् 2026 को.... पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेगें तो उक्तआदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा
यह आज दिनांक 17 माह 10 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा से-शरिस्तेदार/रीडर
अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-18
मोहर
जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर
क्रमांक : न.नि.अ./भवन/26-27/256 आपत्ति सूचना दिनांक : 16/10/2026
श्री अमित मनवानी पुत्र श्री लक्ष्मण दास मनवानी निवासी 1 शिव विहार कॉलोनी अभियन्ता नगर वैशाली नगर अजमेर एवं श्रीमती निशिका मनवानी पत्नी श्री अमित मनवानी निवासी प्लाट नं. 1 शिव विहार कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति जो थोक तेलियान की भूमि व खसरा संख्या 2039 2040 व 2041 का एक भाग है, जो वाके शिव कुण्ड के बाहर लोहागल रोड, अजमेर मे स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 250.83 व.मी. है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं । प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।
पूर्व : रास्ता आम मुख्य लोहागल रोड पश्चिम : अन्य की सम्पति
उत्तर : अन्य की सम्पति दक्षिण : अन्य की सम्पति
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर
क्रमांक : न.नि.अ./भवन/26-27/254 आपत्ति सूचना दिनांक : 16/10/2026
श्रीमति अंजना पत्नी भगवानदास एवं भवानदास दरियानी पुत्र श्री ताराचंद दरियानी निवासीगण 383/22 ट्राम्बे स्टेशन रोड तिलोक नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति जिसका ए.एम.सी. नं. 593 / 26 जो वाके रेलवे अस्पताल के सामने वेस्ट रोड, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 151.55 व.मी. है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।
पूर्व : रास्ता आम पश्चिम : शेष भाग ए.एम.सी. नं. 593/26
उत्तर : रास्ता आम दक्षिण : खुला भूखण्ड
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

मसूदा पंचायत समिति के वार्ड 7 से अमर सिंह का बाडिया को प्रतिनिधित्व देने की मांग

■ ग्रामीणों ने विधायक के सामने रखी परमेश्वरी को भाजपा का टिकट देने की मांग, बोले- हर बार दूसरे गांव को मिलता है मौका

मसूदा। मसूदा पंचायत समिति चुनाव 2026 को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। पंचायत समिति के वार्ड संख्या 7 में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला के लिए आरक्षित सीट पर अमर सिंह का बाड़िया गांव के ग्रामीणों ने अपने गांव को प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने विधायक से आगामी चुनाव में गांव की निवासी परमेश्वरी पत्नी जसवंत सिंह को भारतीय जनता पार्टी का टिकट देने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, वार्ड संख्या 7 में अमर सिंह का बाड़िया गांव में एक हजार से अधिक मतदाता हैं। इसके बावजूद उनका कहना है कि अब तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से गांव के किसी निवासी को पंचायत समिति चुनाव में टिकट नहीं दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर बार अंधेरी देवरी गांव को ही टिकट दिया जाता रहा है।

पिछले चुनाव में भी उठी थी टिकट की मांग: ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पंचायत समिति चुनाव के दौरान भी अमर सिंह का बाड़िया गांव के लोगों ने टिकट की मांग की थी, लेकिन उस समय भी अंधेरी देवरी गांव को टिकट दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उस समय अंधेरी देवरी के लोगों ने अगली बार अमर सिंह का बाड़िया को अवसर देने की बात कही थी और उनकी मांग पर आपत्ति नहीं जताने का आश्वासन दिया था। अब आगामी पंचायत समिति चुनाव को देखते हुए ग्रामीण एक बार फिर अपनी मांग को लेकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 7 की सीट महिला वर्ग के लिए आरक्षित है, इसलिए गांव की निवासी परमेश्वरी पत्नी जसवंत सिंह को भाजपा का टिकट दिया जाना चाहिए।

ग्रामीणों ने कहा-मतदान तक सीमित न रहे हमारा प्रतिनिधित्व: ग्रामीणों ने विधायक के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि अमर सिंह का बाड़िया गांव के लोग लगातार भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करते आए हैं। इसके बावजूद गांव को अब तक पार्टी की ओर से प्रतिनिधित्व का अवसर नहीं मिला है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि गांव के लोग लगातार पार्टी का समर्थन करते हैं, तो उन्हें टिकट मांगने और संगठन में प्रतिनिधित्व पाने का अवसर क्यों नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने आगामी पंचायत समिति सदस्य चुनाव में अमर सिंह का बाड़िया गांव को टिकट देने की मांग दोहराई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव को प्रतिनिधित्व मिलने से क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं पंचायत समिति तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

कार्यालय नगर निगम अजमेर
क्रमांक : न.नि.अ./भवन/26-27/255 आपत्ति सूचना दिनांक : 16/10/2026
श्री सैयद मकबूल अहमद चिश्ती पुत्र श्री सैयद फरजन्द अली चिश्ती एवं श्रीमती वसीया बीबी पत्नी श्री सैयद मकबूल अहमद चिश्ती निवासी 542/34 चौधर मौहल्ला नला बाजार, अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 444 / 6 पुराना 542/34 नया अंकित है, जो वाके चौधर मौहल्ला नला बाजार, अजमेर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 57.27 व.मी. है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं । प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।
पूर्व : रास्ता आम गली पश्चिम : खुला चौक व रास्ता
उत्तर : जायदाद श्री भंवरलाल सुनार की ए. एम.सी. नं. 34 / 545 है
दक्षिण :जायदाद के. जी. ट्रेवल्स वालो की ए. एम.सी. नं. 34/543
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।
उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

आम सूचना
भागीदारी फर्म मैसर्स शिव सर्व मार्बल माईन्स सांवर, C/o जाटा बास, बोरावड तहसील मकराना जिला डीडवाना-कुचामन, राजस्थान, जो कि पंजीयन नम्बर RJ/17/2016/07 दिनांक 18/01/2016 से रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स जिला उद्योग केन्द्र नागौर में पंजीकृत है। दिनांक 16/10/2026 को रमेश चन्द चौधरी पुत्र श्री परमाराम, मांगीलाल पुत्र श्री धन्नाराम, ओंकारसिहं पुत्र श्री हरलाराम और सरजू देवी पत्नी श्री बलजीतसिह रिटायर और श्री दीपसिह पुत्र श्री कानाराम, संतोष देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश पुनिया और श्री गोमा राम पुत्र श्री गिरधारी राम ने नये पार्टनर के रूप में प्रवेश किया है। किसी को आपत्ति हो तो 7 दिन मे जिला उद्योग केन्द्र डीडवाना-कुचामन में आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

भाजपा संभाग कार्यालय के बाहर यूथ कांग्रेस का हंगामा

■ भाजपा कार्यालय के बाहर पोस्टर चिपकाए, इस्तीफे की मांग उठाई

अजमेर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के पाकिस्तान को लेकर दिए गए बयान के विरोध में शुक्रवार को अजमेर में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सुबह करीब 11:30 बजे भुणाबाय स्थित भाजपा संभाग कार्यालय के बाहर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने मदन राठौड़ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर पोस्टर चिपकाए और दीवारों पर विरोधात्मक टिप्पणियां लिखते हुए मदन राठौड के इस्तीफे की मांग उठाई।

मदन राठौड़ के बयान को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध जता रही है। इसी क्रम में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा संभाग कार्यालय को विरोध प्रदर्शन का केंद्र बनाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर 'मदन राठौड़ गो बैक पाकिस्तान' लिखे पोस्टर चिपकाए। इसके साथ ही दीवारों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां लिखीं। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा कार्यालय के बाहर राजनीतिक माहौल गरमा गया। शुक्रवार सुबह यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा संभाग कार्यालय पहुंचे और मदन राठौड़ के बयान के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। इस दौरान कार्यालय के बाहर लगाए गए पोस्टरों पर लिखे संदेशों के जरिए भी विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों ने दीवारों पर टिप्पणियां लिखकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। पाकिस्तान को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस की नाराजगी इस प्रदर्शन के दौरान साफ नजर आई। कार्यालय के बाहर पोस्टर चिपकाने और दीवारों पर टिप्पणियां लिखने की घटना के बाद मौके पर हलचल बढ़ गई।

दशहरा मेला रविवार से

गुलबपुरा, (निसं)। स्थानीय नगर पालिका के तत्वावधान में तीन दिवसीय आयोजित होने वाले भव्य दशहरा मेला की तैयारियो जोरो पर। पालिका चेयरमैन विष्णु देवी सुनिल वैष्णव व ईओ तेजभान मीणा ने बताया कि दशहरा मेला 18 से 20 अक्टूबर तक तीन दिन तक चलेगा , जिसमे विराट कवि सम्मेलन, कीर्तन, भगवान श्रीराम की सवारी और रावण दहन सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेले के प्रथम दिन रविवार, 18 अक्टूबर को शाम 7:15 बजे दशहरा मैदान में विराट कवि सम्मेलन (काव्य कलश) आयोजित होगा।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर
क्रमांक : 1208 जाहिर आम सूचना दिनांक 16.10.26
राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/180 पंचशील अजमेर क्षेत

परिणाम मायने नहीं रखता, मैं सिर्फ हर गेंद पर ध्यान दे रहा था। मुझे पता था कि अगर मैं पूरे मैच में डटा रहा तो मुझे कम-से-कम एक मौका जरूर मिलेगा। दूसरे सेट में मुझे वह मौका मिला और मैंने उसका फायदा उठाया। -अलेजांद्रो डेविडोविच

स्पेन के खिलाड़ी, एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जाने के बाद बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी लिटन दास

बांग्लादेश की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान लिटन दास हिप जॉइंट में चोट के कारण संयुक्त अरब अमीरात में शनिवार से शुरू हुई त्रिकोणीय वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में उपकप्तान तौहीद हृदोय ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में टीम की कप्तानी की। बांग्लादेश टीम के फिजियो बायजीद इस्लाम खान ने टॉस के बाद लिटन की चोट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, लिटन दास दाएं हिप जॉइंट में परेशानी की शिकायत लेकर हमारे पास आए थे। हमने उनकी एमआरआई जांच कराई, जिसमें समस्या का पता चला।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच 25 जून 1932 को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर खेला था।

टीम जयपुर ने जीता स्वराज एग्ज़ीबिशन पोलो मैच

जयपुर, 17 अक्टूबर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत शनिवार शाम को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर स्वराज एग्ज़ीबिशन पोलो मैच खेला गया। टीम जयपुर ने 4-2 के स्कोर से टीम आरपीसी को हराकर मैच जीत लिया। विजेता टीम जयपुर से अक्षय मलिक ने 4 गोल किए। टीम से पद्मनाभ सिंह, प्रताप सिंह कनोता और मयूरध्वज सिंह तलबगांव भी खेले। दूसरी ओर, टीम आरपीसी से शुभम गुप्ता और दिव्यमान सिंह दुजोद ने 1-1 गोल किया। वहीं, टीम से मार्टिन कार्लोस डोनोवन और रणशेय पुरोहित भी खेले।

आज खेला जाएगा अब जनरल अमर सिंह कानोता कप : बारिश के चलते स्थगित होने के कारण अब जनरल अमर सिंह कानोता कप (06 गोल्स) टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कल, रविवार को खेला जाएगा। फाइनल के मुकाबले में टीम जयपुर और टीम आरपीसी आमने-सामने होंगी। यह मैच राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शाम 6.30 बजे से आयोजित होगा।

आयुष के अर्धशतक से एसएमआर क्रिकेट अकादमी की जीत

जयपुर 17 अक्टूबर। डीएसए कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में क्रिकेट अकादमी ने क्रिकेट अकादमी को दो विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केबी रॉयल्स की टीम 28 ओवर में 182 रन पर सिमट गई। विक्की जाट ने 46 और कार्तिक ने 35 रन बनाए। एसएमआर की ओर से सचिन ने चार और मनन सैनी ने तीन विकेट लिए। जवाब में क्रिकेट अकादमी ने आयुष शर्मा के 59 और ध्रुव चौधरी के 48 रनों की मदद से 38.3 ओवर में आठ विकेट पर 185 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केबी रॉयल्स की ओर से कार्तिक ने तीन और हिमांशु ने दो विकेट लिए। आयुष शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

अंडर-23 महिला टी-20 चैलेंजर में दौसा की पांच खिलाड़ियों का चयन

याना, तनिका, निधि, सोनम और निकिता को मिला मौका

दौसा, 17 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की अंडर-23 महिला टी-20 चैलेंजर प्रतियोगिता के लिए दौसा जिले की पांच महिला क्रिकेटरों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में याना वर्मा, तनिका शर्मा, निधि सैनी, सोनम सैनी और निकिता चौहान शामिल हैं।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत 18 अक्टूबर से जयपुर के एएम स्क्वायर क्रिकेट ग्राउंड पर तीन टी-20 चैलेंजर मैच खेले जाएंगे। इन मुकाबलों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की अंडर-23 महिला टीम का चयन किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर राजस्थान टीम में जगह बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दीं।

राजस्थान बालक व बालिका टेनिकॉइट टीमें फगवाड़ा पहुँची

जयपुर, 17 अक्टूबर। टेनिकॉइट फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 38वीं सब-जूनियर नेशनल टेनिकॉइट चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका) का आयोजन 17 से 21 अक्टूबर 2026 तक डिवाइन पब्लिक स्कूल, फगवाड़ा, पंजाब में हो रहा है।

राजस्थान टेनिकॉइट संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये राजस्थान की बालक व बालिका टीमें फगवाड़ा पहुँच गई है। टीम में 6 बालक, 5 बालिका खिलाड़ी, 2 कोच एवं 2 मैनेजर शामिल हैं।

बालक वर्ग में विकाश (सिंगल्स), रोहित (सिंगल्स), अरविन्द गिरी (डबल्स), लवेश रावत (डबल्स), पवन (मिक्स्ड डबल्स) एवं जयवर्धन सिंह (पार्टिसिपेंट) टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। बालक वर्ग के कोच राकेश प्रजापत एवं मैनेजर सुखदेव राम होंगे।

बालिका वर्ग में शौर्या सिंह (सिंगल्स), भावना (सिंगल्स), आइना (डबल्स), पूजा गुर्जर (डबल्स), मानसी तेली (मिक्स्ड डबल्स) भाग लेंगी। बालिका वर्ग के कोच यशपाल सिंह चौहान एवं मैनेजर सुश्री सीमा होंगी। प्रतियोगिता में लगभग सभी राज्यों की टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप डेविस कप पद्धित (लीग-कम-नॉकआउट) पर खेली जाएगी।

भारत बनाम वेस्टइंडीज 5वां टी-20 मैच रद्द, सीरीज 2-2 से बराबरी पर हुई समाप्त

बेंगलुरू, 17 अक्टूबर। भारत और वेस्टइंडीज के बीच बेंगलुरू में खेला गया 5वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। दोनों टीमों ने 2-2 मुकाबले जीते हैं। इस तरह सीरीज बराबरी पर समाप्त हो गई है। आज सिर्फ 7.4 ओवर का मैच हो सका, जिसमें भारत ने 118 रन बनाए। दोबारा बारिश के कारण मैच रद्द हुआ।

शुनिवार को इस मुकाबले को शाम 7 बजे से होना निर्धारित हुआ था, लेकिन बारिश के कारण ना तो तय समय यानी साढ़े 6 बजे टॉस हो सका और ना ही 7 बजे से खेल शुरू हो सका।

लंबे समय तक बारिश होती रही और फिर आखिरकार रात 8:45 में बारिश रुकी। 9 बजे टॉस के लिए तय किया गया और 9:15 से खेल शुरू होना निर्धारित हुआ। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7.4 ओवर का खेल खेला ही था कि दोबारा बारिश आ गई। टीम इंडिया ने इस मुकाबले में दोबारा बारिश होने से पहले 118 रन बनाए।

हालांकि, जब दोबारा बारिश हुई और वह ज्यादा तेज दिखी तो यह निर्णय लिया गया कि यह मैच अब रद्द किया जाता है।

इस मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार की टीम इंडिया में वापसी हुई। शिवम दुबे भी अंतिम 11 में थे। तय किया गया था कि मुकाबला 9-9 ओवर का होगा, जिसमें पावरप्ले 2.4 ओवर का होगा। यह मुकाबला निर्णायक था, क्योंकि सीरीज 2-2 से बराबरी पर खड़ी थी और जो इस मैच में बाजी मारता सीरीज उसके नाम हो जाती। हालांकि, बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया और मुकाबले को रद्द करना पड़ा। सीरीज में भारत ने वेस्टइंडीज को पहले और तीसरे मैच में हराया था जबकि वेस्टइंडीज की टीम ने दूसरे और चौथे मैच में शिकस्त दी थी।

अंडर-23 महिला चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबले आज से जयपुर में

जयपुर, 17 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की अंडर-23 महिला चैलेंजर ट्रॉफी 2026-27 के मुकाबले 18 से 20 अक्टूबर तक जयपुर के एएम स्क्वायर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में टीम ए, टीम बी, टीम सी और टीम डी के बीच कुल छह टी-20 मुकाबले होंगे।

इन मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की अंडर-23 महिला टीम के चयन का रास्ता साफ होगा। प्रतियोगिता के पहले दिन 18 अक्टूबर को सुबह 9 बजे टीम ए का मुकाबला टीम डी से होगा, जबकि दोपहर 1:30 बजे टीम बी और टीम सी आमने-सामने होंगी। 19 अक्टूबर को सुबह टीम ए और टीम सी तथा दोपहर में टीम बी और टीम डी के बीच मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 20 अक्टूबर को सुबह टीम ए और टीम बी तथा दोपहर में टीम सी और टीम डी के बीच मुकाबला होगा।

आईपीएल 2027: चामिंडा वास बने दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने 2027 सत्र से पहले श्रीलंका के दिग्गज तेज गेंदबाज चामिंडा वास को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। वास पिछले दो सत्रों से इस जिम्मेदारी को संभाल रहे मुनाफ पटेल की जगह लेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी नियुक्ति की घोषणा की।

श्रीलंका के सबसे चर्चित क्रिकेटरों में शामिल वास ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में गेंद और बल्ले, दोनों से योगदान दिया। वह श्रीलंका की ओर से टेस्ट क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 111 टेस्ट मैचों में 355 विकेट दर्ज हैं। वहीं, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह श्रीलंका के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 322 एकदिवसीय मुकाबलों में 400 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में भी वास ने टेस्ट क्रिकेट में 3,089 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2,025 रन बनाए। वास मुख्य कोच सौरव गांगुली के नेतृत्व वाले दिल्ली कैपिटल्स के नए कोचिंग दल का हिस्सा होंगे। फ्रेंचाइजी ने हाल ही में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को आईपीएल 2027 के लिए सहायक कोच और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया था। मंगलवार को युवराज की नियुक्ति की घोषणा की गई थी।

नई जिम्मेदारी मिलने पर युवराज ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ नई शुरुआत को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने फ्रेंचाइजी के साथ अपने पुराने जुड़ाव का उल्लेख किया और सौरव गांगुली के साथ कोच के रूप में काम करने को लेकर खुशी जाहिर की।

रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद भी मोहम्मद शमी आउट

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी वनडे इंटरनेशनल और टेस्ट सीरीज के लिए घोषित राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को एक बार फिर शामिल नहीं किया है। 36 वर्षीय शमी ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच मार्च 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। उस टूर्नामेंट में उन्होंने पांच पारियों में 25.88 की औसत से नौ विकेट लिए थे, जो भारत की जीत में अहम साबित हुए थे। उस मैच के बाद से, शमी ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। 2026 दलीप ट्रॉफी में, उन्होंने तीन मैचों में 26.57 की औसत से सात विकेट लिए और ईस्ट ज़ोन को खिताब जिताने में मदद की। 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन के दौरान, उन्होंने सात मैचों में 16.72 की औसत से 37 विकेट लिए। 2026-27 रणजी ट्रॉफी में अपने एकमात्र मैच में, शमी ने 4/30 और 1/29 के आंकड़े दर्ज किए। इंडियन प्रीमियर लीग ( ) में शमी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है; 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए उन्होंने 9 मैचों में 6 विकेट लिए, और 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 13 मैचों में 12 विकेट लिए।

हांगकांग सिक्सेस में भारत की कप्तानी करेंगे पांड्या

हांगकांग, 17 अक्टूबर। भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक होने वाले हांगकांग सिक्सेस 2026 में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चुने जाने के बाद उनकी जगह गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया को सात सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। क्रुणाल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, टी. नटराजन और कुलवंत खेजरोलिया शामिल हैं। टीम में इंडियन प्रीमियर लीग का अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों के साथ बल्लेबाजी और ऑलराउंड प्रदर्शन के कई विकल्प मौजूद हैं। छह खिलाड़ियों के प्रारूप वाले इस तेज गति के टूर्नामेंट में भारतीय टीम इन्हीं खिलाड़ियों के दम पर चुनौती पेश करेगी।

भुवनेश्वर कुमार की भारतीय टीम में वापसी उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण है। करीब चार साल बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले दौरे के लिए चयनित होने के कारण वह हांगकांग सिक्सेस में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी क्रुणाल को सौंपी गई है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में भारतीय शीर्ष क्रम को दिखाना होगा दम

रायपुर, 17 अक्टूबर। पहले मैच में असफल रहे भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रविवार को रायपुर में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करने की कोशिश करेंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण भारतीय टीम पहले मैच में एक समय संकट में दिख रही थी। उसने अपने चार विकेट 19 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद पदार्पण कर रही निक्की प्रसाद और दीप्ति शर्मा ने 82 रन की साझेदारी करके टीम को चार विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय बल्लेबाजों ने जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण को सहजता से लिया जिससे वह संकट में पड़ गए। जिम्बाब्वे की तरफ से ऑफ स्पिनर न्याशा ग्वांजुरा ने पावरप्ले में तीन विकेट लिए। भारत के चोटी के बल्लेबाज अब दूसरे मैच में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे क्योंकि पहले मैच में कप्तान स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, अनुष्का शर्मा और पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाई थी।

दीप्ति में एक बार फिर से दिखाया कि वह भारत के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इस ऑलराउंडर ने कहा कि कुछ ऐसे मौके भी आएंगे जब विपक्षी टीम हावी रहेगी। दीप्ति ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, निश्चित रूप से हम आक्रामक खेल खेलना चाहते हैं और यही बात हमारे दिमाग में थी। उन्होंने कहा, मैच में कभी-कभी ऐसा होता है। आप जो चाहते हैं भगवान हमेशा आपको वही नहीं देता है। लेकिन हम हमेशा सीखते हैं। मुझे यकीन है कि आज जो हुआ वह अगले मैच में नहीं होगा।

आईपीएल 2027 से पहले महेला जयवर्धने ने छोड़ा मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच का पद

मुंबई, 17 अक्टूबर। श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच का पद छोड़ दिया है। आईपीएल के 2027 सत्र से पहले उनके इस फैसले के साथ फ्रेंचाइजी के साथ उनका एक दशक लंबा जुड़ाव समाप्त हो गया है। जयवर्धने ने अपने दूसरे कार्यकाल में 2024 से 2026 तक टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली। इससे पहले वह 2017 से 2022 तक भी इस पद पर रहे थे। उनके कार्यकाल में मुंबई इंडियंस ने तीन आईपीएल खिताब जीते।

मुंबई इंडियंस ने शनिवार को एक बयान में कहा, मुंबई इंडियंस ने आज घोषणा की है कि महेला जयवर्धने मुख्य कोच का पद छोड़ रहे हैं। इसके साथ ही 'वन फैमिली' के साथ उनका एक दशक लंबा जुड़ाव समाप्त हो रहा है।

फ्रेंचाइजी ने कहा कि जयवर्धने ने अपने दोनों कार्यकाल के दौरान टीम की संस्कृति को आकार देने और अनुशासन, आपसी सहयोग तथा टीम को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखने की भावना पर आधारित मजबूत माहौल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुंबई इंडियंस ने कहा, इस पद पर अपने दोनों कार्यकालों के दौरान 2017 से 2022 तक और फिर 2024 से 2026 तक उन्होंने फ्रेंचाइजी की संस्कृति को आकार देने, टीम के भीतर मजबूत माहौल विकसित करने और अनुशासन, सहयोग तथा टीम को सर्वोपरि रखने की सोच को बढ़ावा देने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

एथलेटिक्स में राजस्थान की आरती ने जीता रजत, आयशा खानम को स्वर्ण

जयपुर, 17 अक्टूबर। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक पर आयोजित छठी इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन देशभर के खिलाड़ियों ने पदकों के लिए जोर आजमाइश की। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में राजस्थान एथलेटिक संघ की मेजबानी में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं के रोमांचक मुकाबले हुए। राजस्थान की आरती ने रजत पदक हासिल किया, जबकि आयशा खानम ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया।

महिला वर्ग की 10,000 मीटर दौड़ में मध्य प्रदेश की लाजो सरोज ने पहला स्थान हासिल किया। राजस्थान की आरती दूसरे और लतिका तलवार तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 5,000 मीटर दौड़ में महाराष्ट्र के गौरव भास्कर ने बाजी मारी। उत्तर प्रदेश के सत्यम दूसरे तथा हरियाणा के रमिकेश तीसरे स्थान पर रहे।

महिला हाफ मैराथन रेस वॉक में हरियाणा की आरती ने स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान की रक्षा प्रजापत ने दूसरा और दिल्ली की तान्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुषों की 1,500 मीटर दौड़ में उत्तराखंड के राहुल सरनालिया प्रथम, उत्तर प्रदेश के लवकुश राणा द्वितीय और मध्य प्रदेश के रितेश ओहरे तृतीय रहे।

पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में एनसीओई त्रिवेंद्रम के साहिल मलिक ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राजस्थान के अंकुल दूसरे और ओडिशा के आस्तिक प्रधान तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग की इसी स्पर्धा में राजस्थान की आयशा खानम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। तेलंगाना की प्रवल्लिका दूसरे और हरियाणा की अंचल रानी तीसरे स्थान पर रहीं। महिला 1,500 मीटर दौड़ में आईओसीएल की प्राची देवकर ने पहला स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश की राशि दूसरे और आईओसीएल की लक्षिता विनोद तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में आंध्र प्रदेश के शाइक रोशन ने स्वर्ण पदक जीता।

सागरमल मेहता मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप

सेमीफाइनल की जंग तय, आज होंगे खिताबी मुकाबले

जयपुर, 17 अक्टूबर। राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के तत्वावधान में सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित इंडोर बैडमिंटन हॉल में आयोजित तृतीय सागरमल मेहता मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप में शनिवार को क्वार्टर फाइनल तक के मुकाबले खेले गए। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के अध्यक्ष राजीव सोगरवाल ने बताया कि रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

प्लस-40 युगल वर्ग में रोमांचक मुकाबले : अधिवक्ताओं के प्लस-40 युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में भीष्म सिंह और बी.एल. धाकड़ की जोड़ी ने जवाहर राव व ऋषि जैन को 15-4, 15-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, अमित पुनिया और संदीप शेट्टी की जोड़ी ने मनीष गुप्ता व समर्थ शर्मा को 15-7, 15-5 से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में अनिल मेहता और अजय शर्मा की जोड़ी ने श्याम सुंदर सिहाग व अशोक को 15-4, 15-9 से शिकस्त दी। प्रदीप बोरा और भवानी सिंह की जोड़ी ने भी क्वार्टर फाइनल जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई। प्लस-40 वर्ग में प्रदीप बोरा, बी.एल. धाकड़, संदीप खींची और अजय शर्मा ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

न्यायाधीशों की टीम ने प्रदर्शन मैच 2-1 से जीता : चैंपियनशिप के दौरान न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच प्रदर्शनी मुकाबला खेला गया। इसमें न्यायाधीशों की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। एकल मुकाबले में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मेहता ने जस्टिस रवि चिराणिया को पराजित किया। युगल मुकाबले में जस्टिस महेंद्र गोयल और प्रमील कुमार माथुर की जोड़ी ने वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा व अनिल मेहता को हराया। निर्णायक मुकाबले में जस्टिस आनंद शर्मा और रवि चिराणिया की जोड़ी ने पूर्व न्यायाधीश पंकज भंडारी व वरिष्ठ अधिवक्ता संजय झवर को शिकस्त देकर न्यायाधीशों की टीम को जीत दिलाई।

डेनमार्क ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त, तन्वी और त्रीसा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में हारीं

ओडेंस (डेनमार्क), 17 अक्टूबर। डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों का अभियान शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। महिला एकल में तन्वी शर्मा और महिला युगल में त्रीसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद को हार का सामना करना पड़ा।

भारत की आखिरी उम्मीद तन्वी शर्मा को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने 21-15, 21-13 से हराया। 38 मिनट तक चले मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज तन्वी ने शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सकीं। इससे पहले महिला युगल में भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन के खिलाफ 14-21, 21-17, 21-11 से हार झेलनी पड़ी।

विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और पहले गेम के मध्यांतर तक 11-7 की बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। हालांकि, विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर मौजूद मलेशियाई जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में पर्ली और थिनाह ने दबदबा बनाते हुए भारतीय जोड़ी को उलटफेर करने का मौका नहीं दिया।

पावरलिफ्टिंग की मेजबानी करेगा जयपुर, 25 साल बाद मिला मौका

25 जिलों के 350 से 400 महिला-पुरुष खिलाड़ी दिखाएंगे दम, 'स्ट्रॉन्ग मैन' और 'स्ट्रॉन्ग वुमन' के खिताब भी दांव पर

जयपुर, 17 अक्टूबर। करीब 25 साल बाद जयपुर राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की मेजबानी में 31वीं राजस्थान राज्य सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर्स (महिला-पुरुष) इक्विप्ड बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को रेलवे इंस्टीट्यूट हॉल सभागार, जयपुर में होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 25 जिलों के 350 से 400 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगा। सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में विजेता टीमों को टीम चैंपियनशिप से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, प्रत्येक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिला और पुरुष खिलाड़ियों को क्रमशः 'स्ट्रॉन्ग वुमन' और 'स्ट्रॉन्ग मैन' के खिताब से नवाजा जाएगा। मेजबान जयपुर जिले के करीब 40 खिलाड़ी सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्गों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता रिया को दो साल से प्रोत्साहन राशि का इंतजार :

राजस्थान में एक ओर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियां चल रही हैं, वहीं दूसरी ओर करीब 200 खिलाड़ियों की इनामी राशि लंबित होने का मुद्दा सामने आया है। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने

वाले इन खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का इंतजार है। जयपुर की रिया कंवर शेखावत ने फरीदाबाद में आयोजित 34वीं राष्ट्रीय बेंच प्रेस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 76 किलोग्राम भार वर्ग की सब-जूनियर श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। रिया ने 85 किलो वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की। पावरलिफ्टिंग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान का नाम रोशन करने वाली रिया कंवर शेखावत को पिछले दो साल से राजस्थान सरकार की प्रोत्साहन राशि का इंतजार है। राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने के बावजूद राशि नहीं मिलने से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की सरकारी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दी जाने वाली राशि यदि वर्षों तक लंबित रहती है, तो इससे खिलाड़ियों का मनोबल प्रभावित हो सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाली रिया को राशि कब मिलेगी, यह सवाल बना हुआ है। पावर लिफ्टिंग के पदाधिकारियों के अनुसार कम से कम 200 खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि बाकी है। जो अभी तक नेशनल खिलाड़ियों को नहीं मिल पाई है। राजस्थान क्रीडा परिषद ने 2021 के पहले की राशि नहीं देने का आदेश दिया हुआ है।

राजस्थान रेंजर्स ने जयपुर में शुरू की ग्रासरूट्स टेनिस पहल

150 से अधिक युवा खिलाड़ी ले रहे हिस्सा, पूर्व डेविस कप खिलाड़ी श्रीनाथ प्रह्लाद देंगे प्रशिक्षण

जयपुर, 17 अक्टूबर। राजस्थान में टेनिस की नई पौध तैयार करने के उद्देश्य से राजस्थान रेंजर्स ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दो दिवसीय ग्रासरूट्स टेनिस कैंप शुरू किया। 17 और 18 अक्टूबर को आयोजित इस कैंप में 150 से अधिक युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। किआ टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन-8 की टीम राजस्थान रेंजर्स की इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाओं को निखारने के साथ बच्चों में टेनिस के प्रति रुचि बढ़ाना है।

कैंप में अंडर-10, अंडर-12, अंडर-14 और अंडर-18 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी एवं राजस्थान रेंजर्स के मेंटर श्रीनाथ प्रह्लाद युवा खिलाड़ियों को टेनिस की तकनीक, मैच की तैयारी, अनुशासन और नियमित अभ्यास के महत्व से रूबरू करा रहे हैं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को फिटनेस, स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन, फिजियोथेरेपी और मानसिक तैयारी की जानकारी भी दी जा रही है।

राजस्थान रेंजर्स के टीम ओनर सलीम दीवान ने कहा कि भारतीय टेनिस का भविष्य मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को अवसर देना जरूरी है।

राजस्थान से जुड़ाव के कारण जयपुर में इस तरह की पहल उनके लिए विशेष महत्व रखती है। उनका लक्ष्य प्रदेश के अधिक से अधिक बच्चों को टेनिस से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। राजस्थान रेंजर्स के वाइस चेयरमैन जोनू राणा ने कहा कि ग्रासरूट्स स्तर पर टेनिस को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को ऐसा माहौल देना जरूरी है, जहां वे खेल का आनंद लेने के साथ आत्मविश्वास भी हासिल कर सकें।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने पत्रकारों के लिए विशेष आवास योजना शुरु की

उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए सम्मान योजना व आरजेएचएस जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं

जयपुर, 17 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व, जनजागरण और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण साधना है। उन्होंने अपने पत्रकारिता के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि वे पत्रकारों को होने वाली समस्याओं और कठिनाइयों को अच्छे से समझते हैं।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में राजस्थान आवासन मंडल की विशिष्ट पंजीकरण योजना-2026 के तहत पत्रकारों के लिए विशेष आवास योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जयपुर के इंदिरा गांधी नगर आवासीय योजना, सेक्टर-9, जगतपुरा में पत्रकारों के लिए फ्लैट्स का पंजीकरण शुरू किया गया है। इस बहुमंजिला आवासीय योजना के तहत, फ्लैट्स में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि पत्रकार साथियों को सुरक्षित और सुविधायुक्त आवासीय वातावरण मिल सके।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आवासीय योजना के फेज-1 में 3 बीएचके फ्लैट पर कुल लागत में 15 लाख रुपये और 2 बीएचके फ्लैट पर कुल लागत में 12 लाख रुपये की विशेष छूट देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले पौने तीन वर्षों में पत्रकारों के कल्याण के लिए अनेक पहल की हैं। स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए आयु सीमा और अनुभव में छूट देकर न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा अनुभव 15 वर्ष निर्धारित किया गया, जिससे 31 प्रेस प्रतिनिधि लाभान्वित हुए हैं। अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों को प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 43 छात्रवृत्तियां दी गई हैं।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सुरक्षित-सुविधायुक्त फ्लैट्स के जरिए पत्रकारों का आशियाना का सपना साकार किया जा रहा है।**

उन्होंने कहा कि राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस) में 1 हजार 423 बीमित पत्रकारों के प्रीमियम के रूप में 2 करोड़ 15 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के तहत 462 लाभार्थियों को सम्मानित किया गया, जबकि पत्रकार एवं साहित्यकार कल्याण कोष से 24 अधिस्वीकृत पत्रकारों और उनके आश्रितों को सहायता प्रदान की गई है।

अभिजीत दीपके को सशर्त जमानत

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। दिल्ली स्थित मंदिर मार्ग के स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके को जमानत दे दी है। स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने दीपके को 50 हजार रुपये के शांति बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया।

- **दीपके को 50,000 रु. के शांति बॉंड पर जमानत दी गई है। इसके तहत उन्हें एक साल तक शांति बनाए रखनी होगी।**

शांति बांड के मुताबिक, दीपके को एक साल तक शांति बनाये रखनी होगी।

दीपके को 16 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने तब गिरफ्तार किया था, जब वे सेंट्रल पार्क में आयोजित "लहरा दो तिरंगा" विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कनॉट प्लेस जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने झंडेवालान के निवास स्थान से दीपके को हिरासत में लिया। 16 अक्टूबर को दोपहर में दिल्ली पुलिस के 20 से अधिक जवान दीपके के निवास पहुंचे और उन्हें एक नोटिस दिया। इस नोटिस में उनसे कहा गया कि वे ऐसा कोई भी काम न करें जिससे नागरिकों, व्यापारियों, यात्रियों, मरीजों और अन्य लोगों के अधिकारों पर कोई प्रतिकूल असर पड़े।

'इंटरनैट बच्चों का भी मूल अधिकार है'

सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनैट पर उम्र आधारित प्रतिबंध लगाने से मना कर दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट तक पहुंच को बच्चों का भी मौलिक अधिकार माना है और उम्र के आधार पर इंटरनेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है।

न्यायालय ने शुक्रवार को कहा, "हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि संविधान के अनुच्छेद 21 और साथ में अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत, इंटरनेट तक पहुंच और उसका इस्तेमाल प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है।"

अदालत ने आगे कहा, "बच्चों को भी, उनकी उम्र चाहे जो हो, समान अधिकार प्राप्त हैं। इन अधिकारों से उन्हें पूरी तरह वंचित करना उतना ही बेतुका होगा, जितना यह कहना कि एक निश्चित उम्र से कम उम्र के बच्चों की ऐसी कोई अंतरात्मा नहीं होती, जिसकी रक्षा की जाए, या उनके पास अभिव्यक्ति के लिए बोलने की स्वतंत्रता नहीं होती।"

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत इंटरनैट बच्चों का भी मूल अधिकार है।**

न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. चंद्रन ने 16 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह सुनवाई बाल अधिकारों के लिए काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' और एक अन्य आवेदक की याचिकाओं पर हुई।

याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री (चाइल्ड सैक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन एण्ड अब्यूज़ मैटिरियल) की सूचना भारतीय अधिकारियों को देने के अपने कानूनी दायित्वों का पालन नहीं कर रहे हैं।

कोलकाता दुर्गा पंडाल में भगदड़, 17 की मौत

कोलकाता, 17 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चोरबागान के दुर्गा पंडाल में शनिवार रात भगदड़ मच गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले 17 लोगों में 3 पुरुष, एक बच्चा और 13 महिलाएं शामिल हैं।

हालांकि कोलकाता मेडिकल कॉलेज के सूत्रों के मुताबिक, हादसे में 20 लोगों की मौत होने की आशंका है।

हादसे में 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आशंका है कि घायलों की संख्या और बढ़ सकती है। एक चश्मदीद के मुताबिक, दुर्गा पंडाल का एक हिस्सा ढहने की वजह से भगदड़ मची है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में शनिवार शाम करीब 7:40 बजे गिरीश पार्क थाना क्षेत्र के सरदा पार्क (चोरबागान) पूजा पंडाल के एग्जिट गेट पर भगदड़ मच गई। बारिश के बीच पंडाल में भारी भीड़ जमा होने के कारण यह घटना हुई।

- **चोरबागान दुर्गा पंडाल में हुए इस हादसे से 40 से ज्यादा लोग घायल हुए है। मृतकों में 3 पुरुष 13 महिलाएं व एक बच्चा शामिल है।**
- **दुर्गा पंडाल का एक हिस्सा ढहने की वजह से भगदड़ मची थी।**
- **मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।**

घायलों को कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से सामने आई तस्वीरों में इलाज और राहत कार्य जारी दिखाई दे रहे हैं, जबकि प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों को थाने बुलाने का निर्देश दिया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज में 40 से 50 लोगों को लाया गया है। कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय नंद भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

चोरबागान हादसे पर ममता बनर्जी ने चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, चोरबागान पूजा पंडाल में भगदड़ जैसी स्थिति में लोगों के कुचले जाने की घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं मां दुर्गा से प्रार्थना करती हूं कि सभी घायल जल्द स्वस्थ हों। इस मुश्किल समय में घायलों के परिवारों को हिम्मत और ताकत देने की प्रार्थना भी करती हूं।

अमेरिकी विदेश मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान की आधिकारिक यात्रा के दौरान मेजबानी करेंगे। 20 अक्टूबर को वे रुबियो के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि (गैस्ट ऑफ ऑनर) के रूप में शामिल होंगे।

रुबियो के साथ होने वाली बातचीत में ऊर्जा, व्यापार और निवेश, रक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती टैक्नॉलजीज़ तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इन बैठकों का उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है।

बैठक के स्थान के पक्ष में बोलते हुए जायसवाल ने कहा, "पिछले एक दशक से यह चलन रहा है कि समय-समय पर भारत के विभिन्न शहरों में विदेशी नेताओं की मेजबानी की जाती है।" उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वडोदरा में स्पेन के प्रधानमंत्री, अहमदाबाद में जर्मनी के चांसलर फ्रैडरिक मर्ज और वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री की मेजबानी की थी। खुद जयशंकर ने भी गोवा में "शंघाई सहयोग संगठन" के विदेश मंत्रियों की बैठक, केवड़िया में बोत्सवाना के विदेश मंत्री की मेजबानी और अमृतसर में "हार्ट ऑफ एशिया" सम्मेलन की मेज़बानी की है।

अडवानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाकर अडवाणी के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

सूत्रों के मुताबिक, अडवाणी को शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे जसोल विहार स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। अडवाणी तीन बार भाजपा के अध्यक्ष और 2002 से 2004 तक देश के उपप्रधानमंत्री के पद पर रहे। भाजपा को एक प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में स्थापित करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई।

नूडल्स खाने से 5...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वैज्ञानिक जांचों के बाद चलेगा। पुलिस ने बताया कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस को रामलीला मैदान रैली की अनुमति

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस को एक नवंबर को रामलीला मैदान में रैली आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी जारी कर दिया गया है।

मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह के मुताबिक, कांग्रेस ने एक नवंबर को रामलीला मैदान में रैली आयोजित करने की योजना बनाई है और इसके लिए आवश्यक एनओसी प्राप्त करने को लेकर पुलिस से संपर्क किया था। निर्धारित प्रदर्शन स्थल पर रैली आयोजित करने को लेकर 25 अक्टूबर से तीन नवंबर तक की अवधि तक के लिए एनओसी जारी किया गया है।

- **दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस को एक नवंबर की रैली के लिए अनुमति दे दी है।**

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031-32,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालौर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422-23, जालौर। फैक्स: 02973-226424, हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908